● जयपुर, शुक्रवार, 23 अगस्त 24 ● वर्ष 14 ● अंक 8 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● **स्वामी विवेकानंद**

पेज @3 कांग्रेसियों ने काका कालेकर तथा मंडल कमीशन की रिपोर्ट को दबाया, भाजपा...

पेज @4 नौ महीने बाद मारपीट का बदला लिया हत्या से, पुलिस ने चार दिन में...

पेज @8 जेपीसी से जांच की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का ईडी कार्यालय पर...

### राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट में मुख्यमंत्री ने निवेशकों को किया आमंत्रित

# मुख्यमंत्री ने विप्रो हाइड्रोलिक प्लांट का किया उद्घाटन

## उत्तर भारत के पहले हाइड्रोलिक प्लांट से रोजगार को मिलेगा बढ़ावा: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### विप्रो चेयरमैन ने की प्रदेश में उद्योगों के लिए किए गए नवाचारों की तारीफ

चमकता राजस्थान

जयपुर, 22 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जयपुर में शुरू हो रहे उत्तर भारत के पहले विप्रो हाइड्रोलिक प्लांट से रोजगार को बढ़ावा मिलेगा तथा यह राज्य की आर्थिक प्रगति में भी सहायक होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में उद्योगों के लिए अपार संभावनाएं हैं। हमारी सरकार प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 9-11 दिसंबर तक जयपुर में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टमेंट समिट में निवेशकों को आमंत्रित भी किया। शर्मा गुरूवार को महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी में विप्रो हाइड्रोलिक प्लांट के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाइड्रोलिक सिलेंडर का आज कन्स्ट्रक्शन, अर्थमूविंग, यूटिलिटी एवं लिफ्टिंग, कृषि, वानिकी, खनन जैसे अनेक क्षेत्रों में उपयोग हो रहा है। ऐसे में देश-विदेश में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए यह संयंत्र उपयोगी साबित होगा। साथ ही, उन्होंने उम्मीद जताई कि इस संयंत्र का आगे विस्तार भी किया जाएगा।






### अजीम प्रेमजी की दूरदर्शिता से आज विप्रो बनी दिग्गज कंपनी

मुख्यमंत्री ने अजीम प्रेमजी का जयपुर में विप्रो हाइड्रोलिक प्लांट की शुरूआत करने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि अजीम प्रेमजी ने विप्रो का 53 वर्ष तक नेतृत्व किया है तभी विप्रो आज इस मुकाम तक पहुंची है। एक कॉर्पोरेट समूह के रूप में विप्रो की देश-दुनिया में प्रतिष्ठा है। आईटी, इंजीनियरिंग, एफएमसीजी जैसे क्षेत्रों में यह दिग्गज कंपनी मानी जाती है। साथ ही, प्रदेश सरकार के साथ मिलकर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतरीन काम कर रहा है।

विप्रो के चेयरमैन अजीम प्रेमजी ने कहा कि हाइड्रोलिक प्लांट की स्थापना के लिए उत्तर भारत में सर्वाधिक उपयुक्त जगह हमें राजस्थान लगा तथा श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भी हमें पूरा सहयोग दिया। सरकार द्वारा समयबद्ध सुविधाएं उपलब्ध होने से कम समय में ही यह प्लांट बनकर तैयार हो गया। उन्होंने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तहत राजस्थान में शिक्षा गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं तथा आगे भी यह कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने हाइड्रोलिक प्लांट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक कैलाश वर्मा, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, जेसीबी इंडिया लिमिटेड के सीईओ दीपक शेट्टी, विप्रो हाइड्रोक्यूलिस अध्यक्ष सीताराम गणेशन सहित विप्रो कंपनी के पदाधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### ● औद्योगिक विकास से ही आर्थिक उन्नति संभव

शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार नवाचारों तथा नई नीतियों के माध्यम से राजस्थान को निवेशकों की पसंदीदा जगह बनाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश में नई औद्योगिक नीति-2024, एक्सपोर्ट प्रमोशन नीति, राजस्थान वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट पॉलिसी, राजस्थान वेयरहाउस एंड लॉजिस्टिक पॉलिसी जैसी विभिन्न नई नीतियों से निर्यात, लॉजिस्टिक इको सिस्टम बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चिन्हित क्षेत्रों में औद्योगिक गति देने का काम भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी पांच वर्ष में 53 हजार किलोमीटर लंबा सड़क नेटवर्क, 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे बनने जैसे अहम निर्णयों से उद्योगों को नई रफ्तार मिलेगी। सरकार द्वारा उद्योगों में कुशल मानव संसाधन के लिए स्टेट स्किल पॉलिसी, अटल इनोवेशन स्टूडियो एवं एक्सलेरेटर तथा नए आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खोले जाएंगे जिससे बड़ी संख्या में युवाओं में कौशल विकास संभव होगा। साथ ही, उन्होंने उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि सिंगल विंडो सिस्टम के आधार पर उद्योगपतियों को निवेश संबंधी सभी कार्य एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो सकेंगे।

#### ● राज्य में बिजली-पानी की उपलब्धता के लिए निरंतर हो रहे अहम निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा इस वर्ष प्रदेश में पानी तथा बिजली की उपलब्धता के लिए निरंतर अहम निर्णय किए जा रहे हैं। जहां बिजली क्षेत्र में 2 लाख 24 हजार करोड़ के एमओयू किए गए हैं वहीं पानी के लिए ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना जैसे निर्णय किए गए, जिससे उद्योगों को उनकी मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में बिजली तथा पानी मिल सके। उन्होंने उद्योपतियों का आह्वान किया कि वे प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश करें। सरकार बिजली, पानी, जमीन सहित हर क्षेत्र में उनकी मदद करेगी, जिससे विकसित राजस्थान की संकल्प सिद्धि हो सके।

# सांगानेर के संस्कृत विद्यालय में कक्षा-कक्षों का लोकार्पण एवं मुख्यमंत्री सम्मान समारोह

### सांगानेर के सर्वांगीण विकास के लिए नहीं छोड़ेंगे कोई कसर : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

जयपुर, 22 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रें के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। हमारी सरकार जनप्रतिनिधियों की मांग के अनुरूप प्रत्येक क्षेत्र में सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार सहित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

शर्मा गुरूवार को सांगानेर स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, प्रतापनगर में कक्षा-कक्षों के लोकार्पण एवं मुख्यमंत्री सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों की आकांक्षाओं के अनुरूप विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने परिवर्तित राज्य बजट 2024-25 में प्रदेश के विकास का रोडमैप तैयार किया गया है तथा हर क्षेत्र और हर वर्ग को सौगातें दी हैं। प्रदेश के विकास के लिए बिजली और पानी मूलभूत आवशयकताएं हैं, इसलिए राज्य सरकार इनकी पर्याप्त उपलब्धता के लिए विशेष ध्यान दे रही है।






### अंत्योदय से ही बनेगा आपणो अग्रणी राजस्थान

शर्मा ने कहा कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प के माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाएं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभांवित कर रही हैं। समाज के प्रति नागरिकों के कर्तव्य भी होते हैं। इसलिए नागरिक जरूरतमंद और वंचित तबके तक इन सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक सरोकार में भागीदारी करने की हमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रेरणा दी है। उनके द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत मिशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और एक पेड़ मां के नाम अभियान सामाजिक सरोकार के प्रमुख वाहक हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय परिसर में निर्मित कक्षा-कक्षों का लोकार्पण किया। उन्होंने नए कक्षों के निर्माण के लिए विद्या सेवा संस्थान, जयपुर का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न व्यापार मण्डलों और सामाजिक संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री शर्मा का सम्मान किया गया। विभिन्न स्थानों पर आमजन ने पुष्प वर्षा कर एवं ढोल-नगाड़े बजाकर गर्मजोशी से मुख्यमंत्री का स्वागत भी किया। इस अवसर पर संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, जयपुर ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, विद्या सेवा संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती दिव्या सौंखिया सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

#### ● सांगानेर रेलवे स्टेशन का हो रहा कायाकल्प

मुख्यमंत्री ने कहा कि सांगानेर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बनाने के लिए 192 करोड़ रूपए की लागत से पुनर्विकास की योजना बनाई गई है। इसके अन्तर्गत कई यात्री सुविधाएं एवं सेवाएं विकसित की जा रही हैं। इन सभी सुविधाओं से सांगानेर स्टेशन पर यात्रियों की आवक में वृद्धि होगी तथा आस-पास के क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्टेशन पर मुंबई तक लम्बे रूट की गाड़ियों की कनेक्टिविटी में भी वृद्धि होगी और यात्री लम्बी दूरी की यात्र सुगमता से कर पाएंगे।

#### ● 3,100 करोड़ रूपए के हो रहे विकास कार्य

उन्होंने कहा कि सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में जिन कॉलोनियों का नियमन हो गया है, वहां अब सड़क, बिजली, पानी आदि विकास के काम तेजी से किये जा रहे हैं। इससे आमजन को सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लगभग 3 हजार 100 करोड़ रुपये के काम सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के लिए करवाए जा रहे हैं। इससे सांगानेर विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास हो सकेगा।

#### ● जयपुर मेट्रो से मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार मेट्रो का विस्तार करते हुए इसे सीतापुरा से अंबाबाड़ी तक संचालित करने पर कार्य कर रही है। इससे प्रतापनगर, सीकर रोड, विद्याधर नगर, सीतापुरा जैसे क्षेत्र मेट्रो सेवा से जुड़ेंगे और आमजन को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

#### ● हर पल जनता को समर्पित

मुख्यमंत्री ने सांगानेर विधानसभा क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां के सभी निवासी मेरे परिवार के सदस्य हैं। उनकी सेवा के लिए वे 24 घंटे उपलब्ध हैं। श्री शर्मा ने कहा कि आमजन के आशीर्वाद की ताकत से ही वे हर प्रदेशवासी की सेवा के लिए हर पल समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं।

## डाक्टर कर रहा था आतंकियों को लीड, देश को दहलाने की साजिश में 14 गिरफ्तार

**नई दिल्ली/एजेंसी।** देश की दहलाने की आतंकी साजिश का पर्दाफाश हो गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आतंकी संगठन अलकायदा से प्रेरित 14 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस मॉड्यूल को रांची का रहने वाला डॉक्टर इश्तियाक लीड कर रहा था। ये भारत में आतंकी वारदातों को अंजाम देने की फिराक में थे। मॉड्यूल के सदस्यों को हथियार चलाने की ट्रेनिंग अलग-अलग जगहों पर दी जा रही थी। राजस्थान के भिवाड़ी से हथियार चलाने का प्रशिक्षण ले रहे छह लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा झारखंड और यूपी से कुल मिलाकर करीब आठ संदिग्ध यानी 14 आतंकियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

आतंकी संगठन अल कायदा के खिलाफ दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की बड़ी कार्यवाही मानी जा रही है। आतंकियों से भारी तादाद में हथियार मिले हैं। रांची कटक अलीगढ़ में रेड्स हुई, कुल 14 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। आतंकियों के खिलाफ यह कार्यवाही पैन इंडिया की गई है।

## ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, 'रेप के आरोपियों को 15 दिन के भीतर मिले कड़ी सजा'



**नई दिल्ली/एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज मामले की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दुष्कर्म जैसे वीभत्स मामलों में संलिप्त आरोपियों के लिए 15 दिन के भीतर कठोर सजा के लिए कानून बनाने और महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करने की मांग की है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मुख्य सलाहकार अलपन बंद्योपाध्याय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने पत्र में लिखा है कि पूरे देश में बलात्कार के मामले नियमित रूप से सामने आते हैं। कई मामलों में हत्या के साथ बलात्कार भी होते हैं। देश में प्रतिदिन लगभग 90 बलात्कार के मामले समाज और राष्ट्र के आत्मविश्वास और विवेक को झकझोर देते हैं। उन्होंने लिखा है कि महिलाएं सुरक्षित महसूस करें, इसके लिए ऐसे नृशंस अपराधों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ अनुकरणीय दंड का प्रावधान करने वाले कड़े केंद्रीय कानून हों और ऐसे मामलों में त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतों की स्थापना पर भी विचार किया जाना चाहिए ताकि सुनवाई 15 दिन के भीतर पूरी की जा सके।

# कानून का खौफ होता तो नहीं होता कोलकाता कांड

साल 2012 में दिल्ली के निर्भयाकांड के यौन हिंसा पर सख्त कानून बनाए गए और बलात्कार पर मौत की सजा का प्रावधान किया गया। इसके बावजूद यौन अपराध खत्म नहीं हुए। दुष्कर्म की प्रकृति अधिक आक्रामक, अधिक क्रूर हो गई है और एक हद तक सतर्कतावाद और गैंगस्टरवाद का एक रूप बन गई है। भारत में लगभग हर दिन क्रूर बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज होती है हाल के वर्षों में भयावह यौन हमलों की रिपोर्ट में वृद्धि हुई है। समाजशास्त्री कहते हैं कि यह नया भारत है जहां कानून का शासन पूरी तरह से टूट गया है, जिसका सीधा असर महिलाओं पर पड़ रहा है, क्योंकि यह पितृसत्ता के बेधड़क अतिक्रमणों का दौर भी है। पीड़ितों के इर्द-गिर्द प्रचलित कलंक और पुलिस जांच में विश्वास की कमी के कारण बड़ी संख्या में बलात्कार की रिपोर्ट नहीं की जाती है। भारत की पंगु पड़ी आपराधिक न्याय प्रणाली में मामले सालों तक अटके रहने के कारण दोष सिद्धि दुर्लभ बनी हुई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, भारत में औसतन प्रतिदिन लगभग 90 बलात्कार की घटनाएं होती हैं। वर्ष 2022 में पुलिस ने एक युवती के साथ कथित क्रूर सामूहिक बलात्कार और यातना के बाद 11 लोगों को गिरफ्तार किया। इस युवती को दिल्ली की सड़कों पर घुमाया गया था। 2022 में ही भारत में एक पुलिस अधिकारी को भी गिरफ्तार किया गया था। उन पर एक 13 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार करने का आरोप है, जो अपने साथ हुए सामूहिक बलात्कार की रिपोर्ट करने के लिए उनके पुलिस स्टेशन गई थी। मार्च में, अपने पति के साथ मोटरसाइकिल यात्रा पर गई एक स्पेनिश पर्यटक के सामूहिक बलात्कार के बाद कई भारतीय पुरुषों को गिरफ्तार किया गया था। 2021 में मुंबई में एक 34 वर्षीय महिला की बलात्कार और क्रूरतापूर्वक प्रताड़ित किए जाने के बाद मृत्यु हो गई। निर्भयाकांड के बाद कोलकाता के आरजी कर रेप और हत्याकांड ने एक बार फिर महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे को सुर्खियों में ला दिया है।

महिलाओं के खिलाफ हिंसा अब तो आम हो गई है। उदाहरण के लिए, सोशल मीडिया पर ट्रोल, जो हर मुखर महिला या उसकी बेटी को चुप कराना, गाली देना या बलात्कार करना चाहते हैं, उन्हें जवाबदेह नहीं बनाया जाता है। उल्लंघनकर्ताओं के पास बढ़ती हुई दंडमुक्ति और न्यायिक साधन भी राजनीतिक आकाओं के सामने आत्मसमर्पण करने के साथ, बलात्कार से लड़ना कठिन हो गया है। देश में महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधों में वृद्धि, साथ ही देश की कठोर जाति व्यवस्था के सबसे निचले पायदान पर रहने वालों के साथ व्यवहार, ऊपर से नीचे तक दंडमुक्ति की संस्कृति के परिणामस्वरूप एक उत्साहजनक कारक के रूप में कार्य करता है। यह महिलाओं के अधिक सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने और लगभग सभी क्षेत्रों में पुरुष आधिपत्य को चुनौती देने के खिलाफ एक प्रतिक्रिया है। अधिकांश पुरुष अभिभूत हैं और नहीं जानते कि अपने आहत अहंकार को कैसे संभालें और व्यापक बेरोजगारी ने समग्र रूप से निराशा पैदा की है। भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में मामलों के वर्षों तक अटके रहने के साथ दोषसिद्धि का निम्न स्तर भी ऐसे क्रूर अपराधों का जन्मदाता है। पुरुष अकसर यौन हिंसा का इस्तेमाल दमनकारी लिंग और जाति पदानुक्रम को मजबूत करने के लिए एक हथियार के रूप में करते हैं।

बलात्कार की घटनाओं की संख्या में वृद्धि और मुखालफत के लिए अधिक संख्या में महिलाओं के आगे आने के बावजूद देश में सजा की दर कम बनी हुई है। कई मामलों में, सबूतों की कमी को अकसर कम सजा दर या उच्च न्यायालयों द्वारा सजा को पलटने का कारण बताया जाता है। कुछ साल पहले स्पेनिश पर्यटक के साथ जो हुआ वह पूरी तरह से अस्वीकार्य है और देश में अराजकता के बारे में बहुत कुछ बताता है। हम जानते हैं कि यौन अपराधों की बहुत कम रिपोर्टिंग होती है और इसे बदलना होगा। अगर यह बलात्कार संस्कृति नहीं है, जिसे समाज के समझदार पुरुषों और महिलाओं, संस्थानों और सरकारी अंगों द्वारा समर्थित और बरकरार रखा जाता है, तो यह क्या है? आप सभी कानून, सभी तेज अदालतें, यहां तक कि मौत की सजा भी ला सकते हैं, लेकिन कुछ भी नहीं बदल सकता जब तक कि एक समान मानसिकता में बदलाव न हो जो लड़कियों और महिलाओं के बारे में सोचने का एक नया तरीका शुरू करे। हमने बलात्कार संस्कृति को खत्म करने का काम भी शुरू नहीं किया है। हमने पितृसत्ता को जलाने वाली माचिस भी नहीं जलाई है।

दिसंबर 2012 में सरकार ने आखिरकार हमारी बात जरूर सुनी थी। एक पल के लिए ऐसा लगा था कि हम आगे बढ़ रहे हैं। इसके बजाय आज हम रुक गए हैं या इससे भी बदतर, पीछे चले गए हैं। महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर, अब हमारे पास ऐसे कानून हैं जो वस्तुतः अंतरधार्मिक विवाहों पर प्रतिबंध लगाते हैं और अदालतें उन जोड़ों को सुरक्षा देने से इनकार करती हैं जो अपने जीवन के लिए डरते हैं। स्वतंत्र भारत में आधुनिक समान नागरिक संहिता के लिए पहला नमूना लिव-इन रिलेशनशिप के अनिवार्य पंजीकरण की बात करता है। हर स्तर पर महिलाओं की स्वायत्तता और स्वतंत्र एजेंसी को छीना जा रहा है। ऐसा नहीं है कि घर हमेशा एक सुरक्षित जगह है। डरावनी कहानियों में अनाचार और घरेलू हिंसा शामिल हैं। भारत में, जहां अंतरंग साथी द्वारा हिंसा की दूसरी सबसे बड़ी व्यापकता है, 46% महिलाएं कुछ परिस्थितियों में इसे स्वीकार्य मानती हैं – ससुराल वालों का अनादर करना या बिना अनुमति के घर से बाहर जाना। जब तक हम उन विचारों को नहीं बदल सकते, तब तक हम भारत की प्रतिष्ठा के नुकसान पर विलाप करते रहेंगे।

# कोलकाता के इतिहास का एक काला अध्याय



मनतार सिंह

कोलकाता शहर, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जीवंत भावना के लिए जाना जाता है, एक युवा डॉक्टर के क्रूर बलात्कार और हत्या के बाद सदमे और शोक की स्थिति में डूब गया है। शहर के बीचोंबीच हुई इस घटना ने समूचे समुदाय को झकझोर कर रख दिया और पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। पीड़ित, एक समर्पित चिकित्सा पेशेवर, कई लोगों के लिए आशा की किरण थी। अपने रोगियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और उनके काम के प्रति उनके अटूट जुनून ने उन्हें समुदाय में एक प्रिय व्यक्ति बना दिया। यह त्रासदी महिलाओं द्वारा सामना की जाने वाली भेद्यता की याद दिलाती है, यहां तक कि एक ऐसे शहर में भी जो अपने प्रगतिशील मूल्यों पर गर्व करता है। और तो और जिस राज्य की मुख्यमंत्री भी महिला हो उस राज्य में इस तरह की प्रतिहिंसा मानविक पहलुओं पर विचार करने को विवश करता है।

अपराध का विवरण विशेष रूप से परेशान करने वाला था, जिससे देश और विदेश भर में आक्रोश और निंदा हुई। पीड़िता को उसके ही कार्यस्थल पर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी, एक ऐसी जगह जहां उसे सुरक्षित महसूस करना चाहिए था। हालाँकि सभी अपराधियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया, उन्होंने एक जघन्य कृत्य किया है जिसने पीड़ित की शारीरिक और भावनात्मक विश्वास का हनन किया।



अपराध की खबर ने कोलकाता में विरोध की लहर को प्रज्वलित किया। जीवन के सभी क्षेत्रों के हजारों लोग अपना गुस्सा व्यक्त करने और पीड़िता के लिए न्याय की मांग करने के लिए सड़कों पर उतर आए। विरोध प्रदर्शनों को एकता और दृढ़ संकल्प की भावना से चिह्नित किया गया था, क्योंकि नागरिक महिलाओं के खिलाफ हिंसा के संकट के खिलाफ एकजुट हुए थे। विरोध मार्च भारत के अन्य राज्यों में और विदेशों में भी विभिन्न स्थानों पर देखे गए। दुर्गापुर में कई स्थानों पर, मेडिकल कॉलेज के छात्रों और पैरामेडिकल स्टाफ के साथ-साथ आईक्यू सिटी परिसर के निवासियों और अन्य लोगों ने अपनी एकजुटता दिखाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया। इस दुखद घटना ने भारत में महिलाओं की सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं। विरोध प्रदर्शनों ने ऐसे अपराधों को फिर से होने से रोकने के लिए सख्त कानूनों और अधिक प्रभावी प्रवर्तन तंत्र की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है। कई लोगों ने लिंग आधारित हिंसा और महिलाओं के अधिकारों का सम्मान करने के महत्व के बारे में जागरूकता और शिक्षा बढ़ाने का आह्वान किया है। कल ही माननीय उच्चतम न्यायालय ने इन सभी मांग की देखभाल के लिए एक कार्यबल का गठन किया है। लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी है ताकि पूरे भारत में चिकित्सा से संयुक्त बिरादरी अपने आप को मानव जाति की सेवा के लिए सुरक्षित और संरक्षित वातावरण में काम करने के लिए सुरक्षित महसूस करे। दुःख और क्रोध के बीच, मानवीय लचीलापन और करुणा की कहानियां भी रही हैं। पीड़ित के परिवार और दोस्तों ने उनके नुकसान के सामने उल्लेखनीय ताकत दिखाई है। समुदाय एक दूसरे का समर्थन करने और पीड़िता के लिए न्याय की मांग करने के लिए एक साथ आया है। कोलकाता के डॉक्टर का बलात्कार और हत्या एक ऐसी त्रासदी है जिसे भुलाया नहीं जा सकेगा। यह भारत में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और बदलाव की तत्काल आवश्यकता की याद दिलाता है। जैसा कि शहर अपने समुदाय के एक प्यारे सदस्य के नुकसान का शोक जारी रखता है, यह एक ऐसा भविष्य बनाने के लिए भी दृढ़ संकल्पित है जहां महिलाएं बिना किसी डर के रह सकें। आज समय आ गया है कि हम सब मिल कर एकजुट हो कर समाज में इस प्रकार के बढ़ते आक्रोश और महिलाओं के प्रति असम्मान को रोकने के लिए समाज में सभी वर्ग को एकमत हो कर अपने अपने घरों के वयस्कों और बच्चों को महिलाओं और बालिकाओं के प्रति सम्मान करना सिखाएं। जिससे कि वे समाज में महिलाओं और बालिकाओं के प्रति आदर और सम्मान करें।

यह घटना हम सभी के लिए एक वेक-अप कॉल के रूप में कार्य करती है। ऐसी त्रासदियों को फिर से होने से रोकने के लिए कार्रवाई करने का समय आ गया है। पीड़िता के लिए न्याय की मांग करके और अधिक न्यायसंगत और समावेशी समाज की दिशा में काम करके, हम उसकी स्मृति का सम्मान कर सकते हैं और सभी के लिए एक उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं।

# भावी भारत की गौरवशाली तस्वीर



अवधेश कुमार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी 11 स्वतंत्रता दिवस संबोधनों को देखें तो आपको उसमें देश को लेकर किसी स्तर पर निराशा या नकारात्मकता की झलक नहीं दिखाई देगी। लाल किला से बोलते हुए उन्होंने हमेशा यह ध्यान रखा कि स्वतंत्रता दिवस का संबोधन लोगों के अंदर देश के लिए जिम्मेदारीपूर्वक काम करने और हर परिस्थिति में साहस और संकल्प बनाए रखने की प्रेरणा दें। 15 अगस्त , 2024 के लाल किले के संबोधन पर ही दृष्टि दौड़ाएं तो कहीं भी ऐसा नहीं लगेगा कि प्रधानमंत्री मोदी पर भाजपा के बहुमत से पीछे रह जाने और गठबंधन सरकार की विवशताओं का रंच मात्रा भी प्रभाव है। पूरा भाषण देश को यह विश्वास दिलाने पर केंद्रित रहा कि सरकार भारत को हर दृष्टि से विकसित राष्ट्रों की कतार में खड़ा करने के लिए कमर कसकर काम कर रही है और आम लोगों का भी साथ तथा सहयोग प्राप्त है जिसे और सशक्त करने की जरूरत है। भारत के लोगों की आम मानसिकता आत्मकेंद्रित हुई है, संयुक्त परिवारों के लगभग खत्म हो जाने के कारण लोग धीरे-धीरे अकेले होते जा रहे हैं तथा गांव से शहर की ओर जाने की प्रवृत्ति जबरदस्त रूप से तेज है। इसमें सामूहिक जीवन और मिलकर एक दूसरे का सहयोग करने तथा राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने की उस रूप में संभावनाएं क्षीण हुई हैं जिनकी कल्पना हमारे आजादी के पूर्व और उसके बाद कुछ समय तक महापुरुषों ने की थी। ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसका पता नहीं है। बावजूद वह कह रहे हैं कि 40 करोड़ लोग खड़े हुए तो हमने स्वतंत्रता पा ली और जब आज 140 करोड़ हैं तो निश्चित रूप से देश को विकसित राष्ट्र बनाएंगे तो उसके पीछे वर्तमान स्थिति के अंदर संभावनाएं देखना और लोगों को इसी स्थिति में प्रेरित करना ही व्यवहारिक रास्ता बचता है। नरेंद्र मोदी के आलोचकों की दृष्टि में उनके भाषणों में सपनों और कल्पनाओं का ऐसा भावुक शब्द चित्रण होता है जिसमें लोग मोहित हो जाते हैं। सच यह है कि उसी के आधार पर देश को किसी काम के लिए या स्वयं व्यक्तिगत जीवन में भी सफल होने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। प्रत्येक स्वतंत्रता दिवस प्रधानमंत्री के लिए केवल अपने किए गए कार्यों के विवरण के प्रस्तुति का मंच नहीं बल्कि भविष्य के सपने और उसके पूरा करने का आत्यविश्वास दिलाने का सबसे बड़ा अवसर होता है। वास्तव में 78 में स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन से उन्होंने कुल मिलाकर भारत और भारत के बाहर भी लोगों को यह विश्वास दिलाया कि भारत समग्र रूप में विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है और इसे निर्धारित समय पर प्राप्त करके रहेगा। वर्तमान वैश्विक ढांचे में विकसित राष्ट्र की परिभाषा क्या है? अर्थव्यवस्था के वैश्विक मानकों पर खरा उतरना, शिक्षा के क्षेत्र में मूलतः सामान्य, तकनीकी एवं प्रोफेशनल संस्थाओं और उनके प्रदर्शनों को विश्व मानकों के अनुरूप लाना, रक्षा क्षेत्र में न केवल ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर होना बल्कि विश्व बाजार में सामग्रियों के विक्रय की प्रतिस्पर्धा में टिकना, आम लोगों का जीवन स्तर का निर्धारित मानक प्राप्त करना आदि आदि। प्रधानमंत्री के संबोधन का बहुत बड़ा भाग इसी पर केंद्रित था कि कैसे हमने अर्थव्यवस्था को विश्व मानकों के अनुरूप प्रगति के पथ पर लाया है और भारत की गिनती दुनिया की 5 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में हो रही है जो शीघ्र तीसरे स्थान पर पहुंच जाने वाली है। उन्होंने विश्व भर के निवेशकों को विश्वास दिलाया कि हमने निवेश एवं कारोबार की दृष्टि से आर्थिक, कानूनी, वित्तीय, व्यावसायिक आदि क्षेत्र में सुधार से ऐसे ढांचा निर्मित कर दिए हैं जिसमें आपके लिए परेशानी और जोखिम के लिए जगह न के बराबर है। आगे भी करते रहेंगे। देश के अंदर उद्यमियों को प्रोत्साहित करने तथा नए लोगों को स्टार्टअप या अनुसंधानों के साथ उद्यमी बनने की भी प्रेरणा उन्होंने दी। इसी में उन्होंने भारतीय बैंकिंग व्यवस्था की चर्चा की कि जब हम आए थे तो बैंक कितनी दुर्दशा में थे और आज बैंक विश्व के प्रमुख देशों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।। यह सच भी है। हमारे ज्यादातर बैंक संकट का सामना कर रहे थे और सुधार तथा साहसपूर्वक कदम उठाकर राष्ट्रीयकृत बैंकों की संख्या कम करना, उनको एक दूसरे से मिलाना तथा शेष कदमों के द्वारा वाकई बैंकिंग व्यवस्था सुद्दढ़ है।। यह सुधार और नरेंद्र मोदी सरकार के प्रति भारत एवं बाहर के आम निवेशकों का विश्वास ही है जिसमें हिंडेनबर्ग के वर्तमान रिपोर्ट से पूरा पूंजी बाजार बेअसर रहा। लाल किले से ही उन्होंने रक्षा क्षेत्र में एक आयातक से धीरे-धीरे सामग्री निर्माता और निर्यातक की ओर बढ़ने की भी जानकारी दी।

प्रधानमंत्री मोदी उस विचार से आते हैं जिसमें हिंदुत्व और उस पर आधारित जीवन शैली वाली व्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करना सर्वोपरि है। उन्होंने वर्तमान ढांचे के साथ इनमें कैसे संतुलन बनाया जाए इसकी कोशिश एक सीमा तक की है। स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में उन्होंने स्पष्ट या संकेतों के द्वारा बताया कि कोई भी देश अपनी सभ्यता - संस्कृति और पहचान के साथ विकसित बनेगा तभी वह लंबे समय टिकेगा। इसमें शिक्षा व्यवस्था सबसे महत्वपूर्ण है। मातृभाषा में शिक्षा मोदी सरकार की शिक्षा नीति में का महत्वपूर्ण स्तंभ है। केवल सामान्य शिक्षा ही नहीं इंजीनियरिंग, मेडिकल ,प्रबंधन, सूचना तकनीक आदि के लिए भी इसमें स्थानीय भाषाओं में शिक्षा का लक्ष्य है। जो प्रतिभायें अंग्रेजी न जानने के कारण कुम्हला कर नष्ट हो जाती हैं उनके पूरी संभावनाओं के साथ खिलने का इसमें अवसर है। इसकी उन्होंने पूरी चर्चा की। ध्यान रखिए हमारे स्वतंत्रता आंदोलन का एक बड़ा सपना मातृभाषा के आधार पर शिक्षा एवं भारत का निर्माण था। हालांकि कांग्रेस का मुख्य नेतृत्व कुछ प्रमुख अंग्रेजी पढ़े- लिखे लोगों के हाथों में होने के कारण स्वतंत्रता के बाद यह साकार नहीं हो सका लेकिन नरेंद्र मोदी सरकार नई शिक्षा नीति के साथ धीरे-धीरे पूरे ढांचे में बदलाव की कोशिश कर रही है। जिन लोगों ने शिक्षा नीति पर काम किया था या उस पर सलाह देने वाले की कोशिशें देख रहे हैं उन्हें विश्वास है कि यद्यपि इस ढांचे में जबरदस्त बाधायें हैं लेकिन सफलता मिलेगी। किसी भी समाज और राष्ट्र के संपन्न होने में उसका कानूनी ढांचा और न्याय प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका होती है । कानून आपके अनुरूप ,आपके समझने लायक और न्याय प्रणाली कम खर्चीली तथा वास्तविक न्याय दिलानेवाली हो तो वह देश कुंठाओं से ऊपर अपनी कानूनी और न्यायिक समस्याओं का समाधान करते हुए आगे बढ़ता रहता है। प्रधानमंत्री ने इसी संदर्भ में 1400 कानूनों को खत्म करने तथा नई न्याय संहिता की चर्चा की। वैसे अभी इसका असर देखा जाना शेष है। एक बार बदलाव का क्रम बढ़ता है तो सुधार की संभावनाएं पैदा होने लगती है।

भारत जैसे देश में लोगों के लिए समान नागरिक कानून नहीं हो तो न संपूर्ण प्रगतिशील समाज का निर्माण होगा और न एक बहुत बड़ा वर्ग विकास की गाथा में अपनी भूमिका निभा सकेगा। सामान्यता समान नागरिक संहिता या कॉमन सिविल कोर्ड को भाजपा या आरएसएस के एजेंडि के रूप में देखा जाता है। हमारे संविधान निर्माताओं ने भी पंथ, मजहब , नस्ल से ऊपर उठकर सबके लिए समान समान नागरिक संहिता का लक्ष्य घोषित किया था। वोट की राजनीति या मुस्लिम समुदाय को लेकर आत्मघाती विचारधारा के कारण यह लक्ष्य साकार नहीं हो सका। इसके बगैर आप विश्व में सम्मानित विकसित और भारत को भारत के रूप में प्रभावी देश नहीं बना सकते। इसलिए प्रधानमंत्री ने अब सांप्रदायिक नागरिक कानून से बाहर निकाल कर सेक्यूलर नागरिक कानून की बात की है। जो सबके लिए समान कानून होगा वही सेक्यूलर होगा। ऐसा नहीं है तो वास्तव में सांप्रदायिक कानून ही है। स्वतंत्रता दिवस संबोधन में इसके उल्लेख और व्याख्या का मतलब है कि प्रधानमंत्री ने देश को स्पष्ट कर दिया है कि हम सब मिलकर इसका मन बनाएं और देश उसकी ओर बढ़े, क्योंकि संपूर्ण समाज की प्रगति और भारत की सुख, शांति समृद्धि के साथ खड़ा होने के रास्ते की बहुत बड़ी बाधा है। यही भारतीय दृष्टि हमारे कृषि क्षेत्र के संदर्भ में भी है। पिछले कई वर्षों से प्रधानमंत्री लोगों को रासायनिक उर्वरकों से निकल कर प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने का आ''ान कर रहे हैं और सरकार की कृषि सुधार नीतियों में यह शामिल भी है। भारत जैसा देश तभी वाकई विकसित माना जाएगा जब इसकी कृषि व्यवस्था स्वावलंबी होगी। यह तभी संभव है जब रासायनिक खादों, अत्यधिक जल से सिंचाई से बचें तथा ऐसी फसलों को कम उगाएं जिनमें खर्च ज्यादा है। प्राकृतिक खेती इनसे बाहर निकालता है।

इस तरह देखें तो निष्कर्ष आएगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस संबोधन से दिखाए गए सपने और संभावनाएं अगर साकार रूप लेंगे तो भारत आने वाले सैकड़ो वर्षों तक सुखी, शांत और समृद्ध राष्ट्र के रूप में विश्व का दिशादर्शन करता रहेगा। वर्तमान ढांचे में विकसित देशों से सभी आशंकित ,भयभीत रहते हैं। विकसित भारत का चरित्र उससे अलग होगा। यही प्रधानमंत्री ने कहा कि हजार वर्षों का उदाहरण है कि हमसे किसी को खतरा नहीं है। इसमें यह भी निहित है कि हम किसी के लिए खतरे नहीं थे लेकिन हजार वर्षों में हम पर कितने खतरे हुए, हमारे देश को नेस्तनाबूद करने की कोशिशें हुई और इसके टुकड़े हुए इसका ध्यान रखना आवश्यक है।

# महिलाओं को देने होंगे समानता और सक्षमता के पंख



ललित गर्ग

दुनिया भर में, महिलाओं को सशक्त बनाने, शिक्षा से लेकर राजनीति और आर्थिक भागीदारी तक विभिन्न क्षेत्रों में लैंगिक असमानताओं को दूर करने के प्रयासों को तीव्र गति देने के लिये महिला समानता दिवस 26 अगस्त को मनाया जाता है। सन 1920 में इस दिन संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान में 19वां संशोधन स्वीकार किया गया था। यह दिन महिलाओं को पुरुषों के समान मानने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। न्यूजीलैंड विश्व का पहला देश है, जिसने 1893 में महिला समानता की शुरुआत की। महिलाओं को समानता का दर्जा दिलाने के लिए लगातार संघर्ष करने वाली एक महिला वकील बेल्ला अब्जुग के प्रयास से 1971 से 26 अगस्त को 'महिला समानता दिवस' के रूप में मनाया जाने इस वर्ष की थीम है समता को अपनाएं, जो न केवल महिलाओं की व्यक्तिगत उन्नति के लिए बल्कि समाज की समग्र प्रगति के लिए भी महिलाओं को सशक्त बनाने के महत्व पर केन्द्रित है। यह व्यापक मानवाधिकारों और सतत विकास के साथ लैंगिक समानता के परस्पर संबंध पर जोर देता है।

महिला समानता दिवस से जुड़ा हुआ रंग बैंगनी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त, बैंगनी रंग महिलाओं और लैंगिक समानता का प्रतीक है। यह न्याय और गरिमा का प्रतिनिधित्व करता है, और अक्सर दूरदर्शी सोच और महिलाओं के अधिकारों के लिए चल रही लड़ाई को दर्शाने के लिए उपयोग किया जाता है। महिलाएं ही समस्त मानव प्रजाति की धुरी हैं। वो न केवल बच्चे को जन्म देती हैं बल्कि उनका भरण-पोषण और उन्हें संस्कार भी देती हैं। महिलाएं अपने जीवन में एक साथ कई भूमिकाएं जैसे- मां, पत्नी, बहन, शिक्षक, दोस्त बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाती हैं। बावजूद क्या कारण है कि आज हमें महिला समानता दिवस मनाये जाने की आवश्यकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये जरूरी है कि अधिक महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए भारत सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे। सरकार को अपनी लैंगिकवादी सोच को छोड़ना पड़ेगा। भारत में महिलाओं की उपेक्षा, भेदभाव, अत्याचार एवं असमानता के कारण महिला समानता ज्यादा अपेक्षित है। भारत ने महिलाओं को आजादी के बाद से ही मतदान का अधिकार पुरुषों के बराबर दिया, परन्तु यदि वास्तविक समानता की बात करें तो भारत में आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति चिन्ताजनक एवं विसंगतिपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में काफी प्रगति देखी गयी है, खासकर शिक्षा और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे क्षेत्रों में। नारी शक्ति वन्दन अधिनियम-2023 के माध्यम से नारी शक्ति को राजनीति में समानता देने की शुरुआत हुई है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी सरकारी पहलों ने समाज में महिलाओं और लड़कियों की स्थिति को सुधारने पर ध्यान केंद्रित किया है। इसके अतिरिक्त, कार्यबल और नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी धीरे-धीरे बढ़ रही है। इन प्रगतियों के बावजूद, महत्वपूर्ण चुनौतियाँ बनी हुई हैं। भारत में लैंगिक असमानता अभी भी व्याप्त है, खासकर ग्रामीण इलाकों में, जहाँ महिलाओं को अक्सर शिक्षा, रोज़गार और स्वास्थ्य सेवा में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। बाल विवाह, घरेलू हिंसा और लैंगिक वेतन अंतर जैसे मुद्दे समानता की दिशा में प्रगति



में बाधा डालते रहते हैं। कार्यस्थल पर लैंगिक समानता हासिल करना भारत सहित विश्व भर में एक महत्वपूर्ण लक्ष्य बना हुआ है। समान कार्य के लिए समान वेतन को बढ़ावा देने वाली नीतियों के माध्यम से इस असमानता को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। भारत सरकार के खुद के कर्मचारियों में केवल 11 प्रतिशत महिलाएं हैं। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिये अधिक एवं नये अवसर सामने आने जरूरी है। क्योंकि देश में ऐसी महिलाएं नजर आती हैं, जो सभी प्रकार के भेदभाव के बावजूद प्रत्येक क्षेत्र में एक मुकाम हासिल कर चुकी हैं और सभी उन पर गर्व भी महसूस करते हैं। परन्तु इस कतार में उन सभी महिलाओं को भी शामिल करने की जरूरत है, जो हर दिन अपने घर में और समाज में महिला होने के कारण असमानता, अत्याचार एवं उपेक्षा को झेलने के लिए विवश है। आये दिन समाचार पत्रों में लड़कियों के साथ होने वाली छेड़छाड़ और बलात्कार जैसी खबरों को पढ़ा जा सकता है, परन्तु इन सभी के बीच वे महिलाएं जो अपने ही घर में सिर्फ इसीलिए प्रताड़ित हो रही हैं, क्योंकि वह एक औरत है। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) नाम के थिंक टैंक ने बताया है कि भारत में केवल 7 प्रतिशत शहरी महिलाएं ऐसी हैं, जिनके पास रोजगार है या वे उसकी तलाश कर रही हैं। सीएमआईई के मुताबिक, महिलाओं को रोजगार देने के मामले में हमारा देश इंडोनेशिया और सऊदी अरब से भी पीछे है। किसी देश या समाज में अचानक या सुनियोजित उथल-पुथल होती है, कोई आपदा, युद्ध एवं राजनीतिक या मनुष्यजनित समस्या खड़ी होती है तो उसका सबसे ज्यादा नकारात्मक असर स्त्रियों पर पड़ता है और उन्हें ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है। दावोस में हुए वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में ऑक्सफैम ने अपनी एक रिपोर्ट 'टाइम टू केयर' में घरेलू औरतों की आर्थिक स्थितियों का खुलासा करते हुए दुनिया को चौका दिया था। वे महिलाएं जो अपने घर को संभालती हैं, परिवार का ख्याल रखती हैं, वह सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक अनगिनत सबसे मुश्किल कामों को करती है। अगर हम यह कहें कि घर संभालना दुनिया का सबसे मुश्किल काम है तो शायद गलत नहीं होगा। दुनिया में सिर्फ यही एक ऐसा पेशा है, जिसमें 24 घंटे, सातों दिन आप काम पर रहते हैं, हर रोज क्राइसिस झेलते हैं, हर डेडलाइन को पूरा करते हैं और वह भी बिना छुट्टी के। सोचिए, इतने सारे कार्य-संपादन के बदले में वह कोई वेतन नहीं लेती। उसके परिश्रम को सामान्यतः घर का नियमित काम-काज कहकर विशेष महत्व नहीं दिया जाता। साथ ही उसके इस काम को राष्ट्र की उन्नति में योगभूत होने की संज्ञा भी नहीं मिलती। प्रश्न है कि घरेलू कामकाजी महिलाओं के श्रम का आर्थिक मूल्यांकन क्यों नहीं किया जाता? घरेलू महिलाओं के साथ यह दोगला व्यवहार क्यों? दरअसल, इस तरह के हालात की वजह सामाजिक एवं संकीर्ण सोच रही है। पितृसत्तात्मक समाज-व्यवस्था में आमतौर पर सत्ता के केंद्र पुरुष रहे और श्रम और संसाधनों के बंटवारे में स्त्रियों को हाशिये पर रखा गया है। सदियों पहले इस तरह की परंपरा विकसित हुई, लेकिन अफसोस इस बात पर है कि आज जब दुनिया अपने आधुनिक और सभ्य होने का दावा कर रही है। एक बड़ा प्रश्न है कि आखिर कब तक सभी वंचनाओं, महामारियों एवं राष्ट्र-संकटों की गाज स्त्रियों पर गिरती रहेगी।

जहां देश में प्रधानमंत्री के पद पर इंदिरा गांधी और वर्तमान में राष्ट्रपति के पद पर द्रोपदी मुर्मू हैं। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी राज्य की बागडोर संभाल रही हैं। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष भी एक महिला मायावती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को तो विश्व की ताकतवर महिलाओं में शुमार किया ही जा चुका है। पूर्व में लोकसभा में विपक्ष की नेता के पद पर सुषमा स्वराज और लोकसभा अध्यक्ष के पद पर मीरा कुमार ने भी महिला के गौरव को बढ़ाया हैं। कॉरपोरेट सेक्टर, बैंकिंग सेक्टर जैसे क्षेत्रों में इंदिरा नूई और चंदा कोचर जैसी महिलाओं ने अपना लोहा मनवाया है। वर्तमान में निर्मला सीतारमण सहित अनेक महिलाओं ने राजनीति में अपनी छाप छोड़ रही है। हमारी सेना में महिलाओं की यथोचित भागीदारी उसे ज्यादा शालीन, सामाजिक, योग्य और कारगर ही बनाएगी।

युगों से आत्मविस्मृत महिलाओं को अपनी अस्मिता और कर्तृत्वशक्ति का तो अहसास हुआ ही है, साथ ही उसकी व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व चेतना में क्रांति का ऐसा ज्वालामुखी फूटा है, जिससे भेदभाव, असमानता, रूढ़संस्कार जैसे उन्हें कमतर समझने की मानसिकता पर प्रहार हुआ है। पुरुषवर्ग महिलाओं को देह रूप में स्वीकार करता है, किन्तु आधुनिक महिलाओं ने अपनी विविधआयामी प्रतिभा एवं कौशल के बल पर उनके सामने मस्तिष्क एवं शक्ति बनकर अपनी क्षमताओं का परिचय दिया है, वही अपने प्रति होने वाले भेदभाव का जबाव सरकार, समाज एवं पुरुषों को देने में सक्षम है, महिला समानता दिवस यदि उनकी सक्षमता को पंख दे रहा है तो यह जागरूक एवं समानतामूलक विश्व-समाज की संरचना का अभ्युदय है।

# कांग्रेसियों ने काका कालेकर तथा मंडल कमीशन की रिपोर्ट को दबाया, भाजपा ने आरक्षण को लेकर मजबूती से रखा पक्षः डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल

## कांग्रेसियों को विपक्ष में रहकर सकारात्मक विपक्ष की भूमिका करनी चाहिए अदा, लेकिन विपक्ष जनता के बीच फैला रहा है भ्रमः- मदन राठौड

चमकता राजस्थान

**जयपुर/दौसा।** दौसा में भाजपा की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं की बैठक लेने का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना है और इसके लिए भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है। भाजपा प्रदेशभर में प्रत्येक विधानसभा में घर-घर जाकर सदस्य बनाएगी और संगठन को और मजबूत करने का कार्य करेगी। जब संगठन मजबूत होगा तो चुनावों में जीत निश्चत होगी।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि आज जो लोग आरक्षण को मुद्दा बना रहे हैं वह आरक्षण विरोधी है। 65 साल से इन कांग्रेसी नेताओं ने सत्ता रहते हुए अनुसूचित समाज को गालियां देने का काम किया। कांग्रेस पार्टी ने कभी अनुसूचित समाज के लिए आरक्षण को लेकर कोई कदम नहीं उठाया। कांग्रेसियों ने काका कालेकर की रिपोर्ट तक नहीं बनाई, मंडल कमीशन की रिपोर्ट को कुडे में डाल दिया उसे लागू नहीं किया। वहीं भाजपा ने आरक्षण की लडाई को मजबूती से लड़ा है इसके लिए सभी समाज भाजपा के आभारी है। वहीं उच्चतम न्यायालय की घोषणा को भी हमने कैबिनेट की बैठक बुलाकर लागू करने से इनकार कर दिया। इसके बावजूद भी कुछ लोग समाज को बरगलाने का कार्य कर रहे है। ये देश विरोधी ताकते मिलकर समाज को बांटने का कार्य कर रही है। ये लोग अबकर की मानसिकता और मुगलों की मानसिकता से देश को तोड़ने का कार्य कर रहे है। ऐसे में राहुल गांधी को राहुल अकबराबादी कहा जा सकता है।



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि भाजपा एक परिवार है और आज दौसा में परिवार के सदस्यों से मिलकर चर्चा की गई। भाजपा में कभी भीरतघात रहा ही नहीं। भाजपा में कार्यकर्ता एकजुट है और भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी इन ही कार्यकर्ताओं की बदौलत बनी है। कांग्रेस पार्टी ने देश को तोड़ने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 140 करोड़ देशवासियों के उत्थान के लिए योजनाएं बनाई और समाज को जोड़ने का कार्य किया। कांग्रेसियों को विपक्ष में रहकर सकारात्मक विपक्ष की भूमिका अदा करनी चाहिए लेकिन आज विपक्ष भ्रम पैदा कर रहा है, यह जनता समझ चुकी है।

भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर पिछले दिनों राजधानी जयपुर में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला हुई। अब प्रदेश के प्रत्येक जिले के साथ मंडल और बूथ स्तर पर कार्यशाला होगी और फिर इस अभियान को शुरू किया जाएगा। दौसा में संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। संगठनात्मक बैठक में उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभु लाल सैनी, नाहर सिंह जोधा, भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, महेंद्र कुमावत ने संबोधित किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ प्रभु दयाल शर्मा ने बताया कि बैठक में लोकसभा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा, पूर्व सांसद जसकोर मीणा, पूर्व विधायक शंकर लाल शर्मा, विधायक लालसोट रामविलास मीणा, विधायक सिकराय विक्रम बंसीवाल, विधायक बांदीकुई भागचंद टंकड़ा, विधायक महुआ राजेंद्र मीणा, जिला महामंत्री रवि पालीवाल ,हरकेश मटलाना, लाखन सिंह गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ,उर्मिला जोशी, महेंद्र तिवारी मुरारी छोकरियां मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद गुर्जर अशोक शर्मा सुनील पाटनी, राजेश मीणा, राजेश शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद संजना जाटव ने भारत बंद में शांति एवं अनुशासन बनाए रखने पर, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों एवं सामाजिक संगठनों का जताया आभार



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** सांसद संजना जाटव ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों और सामाजिक संगठनों के साथ शांतिपूर्ण भारत बंद में सम्मिलित होकर सहयोग दिया। इस दौरान संजना ने कहा ऱसभी ने शांति और अनुशासन बनाए रखते हुए अपनी भूमिका निभाई, जिससे भारत बंद सफल और सौहार्दपूर्ण रहा। मैं विशेष रूप से सभी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त करती हूं।जिन्होंने सुरक्षा और व्यवस्था सुनिश्चित की। साथ ही, सभी सामाजिक संगठनों को भी धन्यवाद, जिन्होंने इस बंद को शांति से सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाई।

### जिला एवं सेशन न्यायाधीश सतीश चंद ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)।** धौलपुर, 22 अगस्त24 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अध्यक्ष धौलपुर सतीश चंद द्वारा जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल लीगल एड क्लिनिक के संबंध में नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-निर्देशां की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता बाबत अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियो को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं भोजन, सफाई, स्वास्थ्य, स्वच्छता, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा उन्होंने कारागृह के निरुद्ध नये बंदियों सहित एक-एक बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जेल में स्थित रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने बंदीगण को उनके अधिवक्ता व परिजन से वार्ता की सुविधा बाबत आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बंदियों को बताया कि यदि किसी विचाराधीन बंदी का उसके प्रकरण में पैरवी हेतु कोई अधिवक्ता नहीं है! तो ऐसे बंदी जेल अधीक्षक के माध्यम से अथवा संबंधित न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने पर न्यायालय के माध्यम से नियमानुसार अधिवक्ता नियुक्ति हेतु विधिक सहायता का प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर को भिजवा सकते हैं! जिससे ऐसे बंदीगण की ओर से पैरवी हेतु प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जा सके। इसी प्रकार ऐसे सजायाफ्ता बंदी जिन्होंने सजा के खिलाफ अपील नहीं की है! और वह अपील करना चाहता है, तो ऐसे बंदी को विधि अनुसार अपील करने का पूर्ण अधिकार है! और ऐसे बंदी को भी अपील हेतु विधिक सहायता के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जावेगा। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सचिव रेखा यादव, जिला न्यायालय के पीए मनोज वर्मा, प्राधिकरण के लिपिक सुरेन्द्र सिंह, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमित कम्ठान, जेल क्लीनिक पर कार्यरत पीएलवी इन्द्रेश शर्मा, कार्यवाहक जेल अधीक्षक पूरन चंद शर्मा, हैड कॉनि. मनोज सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

# अम्बेडकर प्रतिमा को खंडित करने की घटना के बाद कामा में तनाव

चमकता राजस्थान।

**डीग (राजवीर सिंह)** जिले के कस्वा कामा में जुरहरा रोड पर असामाजिक तत्वों द्वारा अंबेडकर पार्क में लगी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के हाथ को पत्थर मारकर खंडित कर दिए जाने के बाद कस्वे में दलित समाज के लोगो के बीच आक्रोश फैल जाने की जानकारी मिली है। कस्बे में कई जगह टायर जला कर उग्र प्रदर्शन के बीच सड़को पर उतरे लोगो द्वारा अंबेडकर चौराहे पर जाम लगा दिया गया। मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासन के अधिकारियो के साथ जन प्रतिनिधि लोगों से बात कर समझाने में लगे हैं। कस्बे में उत्तेजना के माहौल को देखते भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर हालात पर निगरानी रखी जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा गठित 4 टीमें उनकी पहचान करने की कोशिश कर रही हैं। इस बीच मोके पर पहुची कामा विधायक नौक्षम चौधरी ने 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। विधायक ने कहा- जब तक इस घटना को अंजाम देने वाले लोगों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, तब तक यह धरना प्रदर्शन चलेगा। जरूरत पड़ने पर मैं इस्तीफा दे दूंगी। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए कामां बस स्टैंड के आसपास के साथ कस्बे में व्यापरियों ने दुकानें नहीं खोलीं ।बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने की यह वारदात गुरुवार सुबह 3 से 5 बजे के बीच बताई जा रही है। पार्क में मूर्ति के पास ईंट पत्थर पड़े मिले है। कस्बे में फिलहाल तनावपूर्ण शांति बताई गई है।



# एससी एसटी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में भरतपुर को किया बंद

## एससी एसटी समाज ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन

चमकता राजस्थान

भरतपुर (राजवीर सिंह) आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश पर केंद्र सरकार की चुप्पी के विरोध में भारत बंद का संपूर्ण भारत में आयोजन किया गया। भरतपुर में भारत बंद सफल और शांतिपूर्ण जारी हुआ इस अवसर पर प्रो. अरविंद वर्मा ने कहा कि हमारी माँग साफ़ और स्पष्ट है आरक्षण संबंधी प्रावधानों को केंद्र सरकार संविधान की नवीं अनुसूची में शामिल करे जिससे बार बार दलित समाज सड़क पर न आए साथ ही आरक्षण संबंधी प्रावधानों में सुधार के लिए आम दलित समाज से ही सुझाव माँग कर उन पर अमल किया जाये।



## लंबित राजस्व वादों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण करें अधिकारी- जिला कलक्टर

● **राजस्व अधिकारियों की बैठक में जिला कलक्टर ने दिये निर्देश**



**चमकता राजस्थान। जयपुर,!( खलील कुरैशी) 22 अगस्त।** जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने जिले के राजस्व अधिकारियों को लंबित राजस्व वादों में कमी लाने के निर्देश दिये हैं। गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में उन्होंने जिले में भू-आवंटन, भू-रूपान्तरण, सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, नामान्तरण, कुर्रेजात एवं औद्योगिक प्रयोजनार्थ भू-संपरिवर्तन सहित सभी तरह के लम्बित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने, सभी अधिकारियों को राजस्व वादों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिये। कलक्टर ने कहा कि जिले में राजस्व अधिकारी भू-रूपांतरण सहित राजस्व से संबंधित सभी प्रकार के प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करें, ताकि आमजन को जल्द से जल्द राहत मिल सके। इसके लिए सभी राजस्व अधिकारी अपने न्यायालय में दर्ज राजस्व प्रकरणों में उल्लेखनीय कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित करें एवं लक्ष्य हासिल करने के लिए सप्ताह में पांचों दिन कोर्ट लेकर ज्यादा से ज्यादा दावों की सुनवाई करें।जिला कलक्टर ने जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र समय पर जारी करने के लिये अधिकारियों को सत्यापन करने के निर्देश दिये। साथ ही, उन्होंने विभिन्न आयोगों से जुड़े लम्बित प्रकरणों, मुख्यमंत्री जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों और कलक्टर जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों का भी निस्तारण उपखण्ड स्तर पर ही करने के निर्देश दिए ताकि परिवादी को फरियाद लेकर कलक्ट्रेट ना आना पड़े। बैठक कलक्टर ने अधिकारियों को रात्रि चौपाल एवं दौरों का विवरण संपर्क पोर्टल पर अपलोड करने के साथ-साथ राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण कर के निर्देश दिये। साथ ही, जाति प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र लंबित प्रकरणों एवं पेंशन संबंधी प्रकरणों का भी निस्तारण के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया।

● **ये रहे बैठक में मौजूद**

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) राजकुमार कस्वां, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) लोकेश मीणा सहित जिले के सभी राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन होना आवश्यकः रेखा यादव

चमकता राजस्थान

धौलपुर( रामदास तरुण) राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार आज दिनांक :-22 अगस्त 24 को जिला प्रशासन के सहयोग से नगर परिषद धौलपुर के सभागार में ठोस अपरिशष्ट प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया!जिसमे मुख्य अतिथि जिला कलक्टर, श्रीनिधि वी.टी. एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर रेखा यादव रहे।शिविर में सचिव रेखा यादव ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शब्द का अर्थ ठोस अपशिष्टों के संग्रह, उपचार और निपटान प्रक्रिया से है। अपशिष्टों को विभिन्न स्त्रोतों से एकत्र किया जाता है! और अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रिया के माध्यम से उनका निपटान किया जाता है! जिसमें संग्रह, परिवहन, उपचार, विश्लेषण और निपटान शामिल होता है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शब्द का अर्थ ठोस अपशिष्टों के संग्रह, उपचार और निपटान प्रक्रिया से है। अपशिष्टों को विभिन्न स्त्रोतों से एकत्र किया जाता है! और अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रिया के माध्यम से उनका निपटान किया जाता है! जिसमें संग्रह, परिवहन, उपचार, विश्लेषण और निपटान शामिल होता है, आदि के बारे में विस्तार से बताया। इसी प्रकार आयुक्त नगर परिषद धौलपुर अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे उत्पाद पैकेजिंग, यार्ड की सजावट, फर्नीचर, कपड़े, बोतलें, डिब्बे, भोजन, समाचार पत्र, उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स और बैटरी आदि नगरपालिका ठोस अपशिष्ट का हिस्सा होते हैं। बढ़ते शहरीकरण और जीवनशैली में बदलाव के साथ, नगरपालिका अपशिष्ट की मात्रा भी बढ़ रही है। इसे मोटे तौर पर पांच श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है!पुनर्चक्रणीय सामग्री गिलास, बोतलें, डिब्बे, कागज, धातु, आदि, मिश्रित अपशिष्ट टेट्रा पैक, खिलौने, जैव निम्नीकरणीय अपशिष्ट रसोई का अपशिष्ट, फूल, सब्जियाँ, फल और पत्तियाँ, निष्क्रिय अपशिष्ट चट्टानें, मलबा, निर्माण सामग्री, घरेलू खतरनाक और विषाक्त अपशिष्ट ई-कचरा, दवाइयां, प्रकाश बल्ब, आदि के बारे में विस्तार से बताया।



इसी प्रकार अधिशाषी अभियंता, नगर परिषद्, धौलपुर बृजमोहन सिंघल ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रकार लैंडफिल इसमें शहर के आस-पास खाली जगहों पर कचरे को दबाना शामिल है। संदूषण को रोकने के लिए डंपिंग साइट को मिट्टी से ढक दिया जाना चाहिए, लाभ यदि प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जाए तो यह एक स्वच्छ निपटान पद्धति है। भस्मीकरण- यह उच्च तापमान पर अधिकतर कार्बनिक यौगिकों का नियंत्रित ऑक्सीकरण (जलाना/तापीय उपचार) है! जिससे तापीय ऊर्जा, और जल उत्पन्न होता है जलाने से दहनशील अपशिष्ट की मात्रा काफी कम हो जाती है।कम्पोस्ट बनाना- यह पत्तियों और खाद्य अवशेषों जैसे कार्बनिक पदार्थों को लाभकारी उर्वरकों में पुनर्चक्रित करने की एक प्राकृतिक प्रक्रिया है! जो मिट्टी और पौधों दोनों को लाभ पहुंचा सकती है! यह फसलों के लिए लाभदायक है! और पर्यावरण के अनुकूल विधि है। पुनर्चक्रण- यह अपशिष्ट पदार्थ को नए पदार्थ में बदलने की प्रक्रिया है। उदाहरण लकड़ी पुनर्चक्रण, कागज़ पुनर्चक्रण और कांच पुनर्चक्रण। यह पर्यावरण के अनुकूल है! वर्मीकंपोस्टिग- वर्मीकंपोस्टिग एक जैव-रूपांतरण तकनीक है! जिसका उपयोग आमतौर पर ठोस कचरे को संभालने के लिए किया जाता है। केंचुए प्रजनन और संख्या में वृद्धि करने के लिए जैविक कचरे को खाते हैं, इस जैव-रूपांतरण प्रक्रिया में वर्मीकंपोस्ट और वर्मीवॉश उत्पाद के रूप में बनते हैं। इससे रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम हो जाती है! और पौधों की वृद्धि बढ़ती है। जागरूकता शिविर में अशोक मिश्रा डीपीओ, पार्षदगण कूक्कू शर्मा, विशम्बर दयाल शर्मा, आनन्द मिश्रा, बॉवी आदि एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ सहायक जगदीश सिंह, बनवारी आदि लोग उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्रवाल समाज की प्रथम बैठक हुई संपन्न



**चमकता राजस्थान। कोटपूतली - बहरोड,(धर्मेंद्र बंसल)** गुरुवार को अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज कोटपूतली की बैठक अध्यक्ष योगेश शरण बंसल की अध्यक्षता में आयोजित की गई । जिसमें सर्वप्रथम नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। कार्यकारिणी के द्वारा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाने एवं महिला मंडल व नवयुवक मंडल के चुनाव अग्रसेन जयंती के बाद करवाने व अग्रसेन जयंती तक कार्यवाहक महिला मंडल व नवयुवक मंडल का गठन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। भामाशाह रविंद्र कुमार शाह (खड़ब वाले) उत्तर लखीमपुर आसम द्वारा अग्रसेन भवन में पांच पंखे भेंट किए गए। सेठ मूलचंद प्रभु दयाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अग्रवाल समाज कोटपूतली के किसी भी अग्रवाल भाई के दिनांक 21.8.2024 के बाद तीसरी संतान होने पर 50000 हजार नगद राशि पुरस्कार व दिनांक 21.8. 2024 के बाद उत्पन्न तीसरी लड़की की शादी होने पर 50000 हजार नगद राशि का पुरस्कार दिया जाएगा। अंत में कोषाध्यक्ष नरसिंह दास अग्रवाल द्वारा पुरानी कार्यकारिणी का आय व्यय का हिसाब सदन के पटल पर रखा। बैठक में अध्यक्ष योगेश बंसल उपाध्यक्ष कुलदीप बंसल महामंत्री नितेश बंसल कोषाध्यक्ष नरसिंह दास अग्रवाल मंत्री प्रमोद गोयल एवं कार्यकारिणी सदस्य सुभाष बंसल ,ताराचंद मित्तल,राजेश बंसल, सुरेश बंसल, हेमंत मोरीजावाला, योगेश गुप्ता, अशोक बंसल, नरेश अग्रवाल, दिनेश सिंघल ,संगम बंसल, रामविलास सिंघल, सांवरमल गोयल आदि सदस्य मौजूद रहे।

### केन्द्रीय कारागृह में पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ आयोजित हुआ कार्यक्रम



**चमकता राजस्थान। जयपुर!( खलील कुरैशी) 22 अगस्त।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुरुवार को केन्द्रीय कारागृह में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर द्वितीय चन्द्र प्रकाश श्रीमाली, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जयपुर महानगर द्वितीय श्रीमती पल्लवी शर्मा ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान श्रीमाली ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में पौधारोपण एवं पर्यावरण सरंक्षण की महत्ती आवशयकता है। कोई भी व्यक्ति किसी भी स्थिति में पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकता है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत एक पेड़ अपनी मां के सम्मान में लगाने का संदेश भी दिया।सचिव पल्लवी शर्मा ने बताया कि बंदियों के मध्य पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एवं भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पौधारोपण की गति को बढ़ाने एवं पेड़ों को एक परिवार के रूप में समझ कर पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये जा रहे के तहत विशेष अभियान ''एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम आयोजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित सचिव पल्लवी शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जयपुर महानगर द्वितीय मांडवी राजवी, डिप्टी जेलर इन्द्रकुमार आदि ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण में सहयोग करते हुए स्वयं भी पर्यावरण संरक्षण करने की शपथ ली। पौधारोपण कार्यक्रम के पश्चात श्रीमाली द्वारा केंद्रीय कारागृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

### झालावाड़ जिले में थाना सारोला कलां पुलिस की कार्रवाई

# नौ महीने बाद मारपीट का बदला लिया हत्या से, पुलिस ने चार दिन में घटना का खुलासा कर 9 आरोपियों को किया गिरफ्तार

चमकता राजस्थान




जयपुर/झालावाड़,! (खलील कुरैशी)21 अगस्त। झालावाड़ जिले में स्वतंत्रता दिवस के अगले दिन थाना सारोला कला में हुई एक युवक की हत्या की घटना का मात्र चार दिनों में खुलासा कर पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में शामिल एक महिंद्रा टीयूवी गाड़ी जब्त की है।एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि मुल्जिम धनराज उर्फ धनजी गुर्जर पुत्र लक्ष्मीनारायण (38) व नवल मेघवाल पुत्र कजोडीमल निवासी तारज थाना सारोला, रवि गौतम पुत्र विष्णुप्रसाद (31) निवासी सारोला कलां, अशोक गुर्जर पुत्र रमेशचन्द (27), राधेश्याम गुर्जर पुत्र मौजीराम (20) व दिनेश गुर्जर पुत्र मौजी राम (24) निवासी निवासी बान्दरी थाना अकलेरा हाल तारज, सोनू गुर्जर पुत्र रामचरण (23) निवासी मालनवासा थाना सारोला, फूलचन्द गुर्जर पुत्र छोटू लाल (27) निवासी बान्दरी थाना अकलेरा एवं अनुराग उर्फ लखन पुत्र महावीर सिंह राजपूत (30) निवासी सेवनिया हाल तारज को गिरफ्तार किया गया है, शेष फरार मुल्जिमों की तलाश जारी है।एसपी तोमर ने बताया कि घटना के संबंध में झालावाड़ के एसआरजी हॉस्पिटल में भर्ती सत्यनारायण उर्फ सत्तू गुर्जर (22) निवासी भील खेड़ा द्वारा 16 अगस्त को पुलिस को दिए पर्चा बयान पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। इसी दौरान पीड़ित की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर हत्या में मुकदमा तब्दील किया गया। सीओ खानपुर राकेश कुमार एवं एसएचओ विजेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा घटना का खुलासा कर 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर महिंद्रा टीयूवी जब्त की गई।घटना के संबंध में अनुसंधान में सामने आया कि 9 महीने पहले 15 नवंबर 2023 को सत्यनारायण गुर्जर उर्फ सत्तू और उसके साथियों ने धनराज उर्फ धनजी गुर्जर व रवि

### घटना में प्रयुक्त एक महिंद्रा टीयूवी जब्त

गौतम के ऊपर प्राणघातक हमला कर मारपीट की, जिसमें धनराज की एक टांग व एक हाथ टूट गया तभी से धनराज, सत्यनारायण से बदला लेने की फिराक में था। घटना के रोज 16 अगस्त को अशोक को सत्यनारायण बाजार में घूमता हुआ नजर आ गया।यह बात उसने धनराज को बताई। उस वक्त धनराज के साथ रवि गौतम भी था। दोनों ने सत्यनारायण को जान से मारने के लिए प्लान बनाया। अशोक ने मोनू गुर्जर को फोन कर पीछा करने को कहा तो मोनू व फूल चन्द झालावाड़ से ही सत्यनारायण की कार के पीछे लग गए। इधर सत्यनारायण अपने गांव तारज से अपनी गाड़ी में अशोक, राधेश्याम, शंभू केवट, लखन राजपूत, सोनू गुर्जर के साथ रवाना हुआ। रास्ते में मालवासा से दिनेश गुर्जर, नवल मेघवाल और सोनू गुर्जर को साथ ले लिया।इसके बाद सिलीगढी महादेव व गाढर वाड़ा नूरजी होते हुए देवरिया पहुंच गए। सत्यनारायण की कार का पीछा कर रहे मोनू गुर्जर व फूलचंद की सूचना पर खाल के पास पहुंच इन्होने सत्यनारायण उर्फ सत्तू की कार के टक्कर मारी और उसके साथ गम्भीर तरीके से मारपीट की। जिसमें इलाज के दौरान सत्यनारायण की मौत हो गई।

घटना के खुलासे में उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह जादौन, हेड कांस्टेबल लाखन सिंह, कांस्टेबल कार्तिक सिंह, अजय, लोकेश एवं मुरली मनोहर की विशेष भूमिका रही।

# जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं का निस्तारण करने हेतु कृत संकल्पित : जिला कलेक्टर

### पीएचसी शेरपुर तथा नगर पालिका बर्डोद का किया निरीक्षण




चमकता राजस्थान

कोटपूतली-बहरोड़, (धर्मेंद्र बंसल) 22 अगस्त ।जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में गूंती(बहरोड़) में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ जिसमें उन्होंने आमजन की दैनिक जरूरतों से जुड़े मुद्दों को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।रात्रि चौपाल के दौरान प्राप्त हुए राजस्व विभाग, कृषि, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग संबंधी परिवादों को सुनकर जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।जिला कलेक्टर ने एसडीएम बहरोड़ को निर्देशित किया कि राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में तेजी लाएं। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि समस्त विभागों के अधिकारी आमजन के हितों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें तथा प्रत्येक जनहित से जुड़े कार्यों की व्यक्तिगत रूप से नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता के उच्चतम मापदंड स्थापित करें।

- **पीएचसी शेरपुर तथा नगर पालिका बर्डोद का किया निरीक्षण**

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने पीएचसी शेरपुर के निरीक्षण के दौरान मरीजों मिल रही चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में जानकारी लेकर उन्हें और बेहतर बनाने के लिए कहा तथा पीएचसी में डिलीवरी किट की उपलब्धता के लिए निर्देश दिए इसके साथ ही चिकित्सा केंद्र पर मिल रही जांच सुविधाओं के बारे में जानकारी लेकर सभी जांचों की रिपोर्टों समय पर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। नगर पालिका बर्डोद के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बर्डोद कस्बे में साफ सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए तथा तहसीलदार को इसके निरंतर मॉनिटरिंग करने के लिए कहा।इस दौरान जिला कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक ने सोतानाला में उद्यमियों के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें उद्यमियों ने अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया जिसके लिए जिला कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए आवशयक दिशा निर्देश जारी किए।
इसी दौरान उन्होंने सता नाला औद्योगिक क्षेत्र में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।इस दौरान पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, एएसपी शालिनी राज, बहरोड उपखंड अधिकारी रामकिशोर मीणा, तहसीलदार अभिषेक यादव, विकास अधिकारी तथा जिला स्तरीय अधिकारी व आमजन मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना लागू

### सड़क हादसे में गंभीर घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने पर राज्य सरकार देगी 10 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि

चमकता राजस्थान

जयपुर, (खलील कुरैशी) 22 अगस्त। राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की अनुपालना में राज्य में मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना लागू की गई है। योजना का उद्देश्य राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करना है। प्रदेश में घटित सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर घायल व्यक्ति को न्यूनतम समय (गोल्डन ऑवर) में राज्य के निकटतम सरकारी एवं निजी चिकित्सा संस्थान (अस्पताल/ ट्रोमा सेंटर आदि) पहुंचाने वाले भले व्यक्ति को राज्य सरकार 10 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र देगी। इसके लिये मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना का गठन किया गया है। इस संबंध में वित्त विभाग ने घायल व्यक्तियों के जीवन रक्षा के परिप्रेक्ष्य में घायल व्यक्ति को न्यूनतम समय में चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध कराने की दृष्टि से आमजन कोप्रेरित करने के उद्देश्य से 21 अगस्त, 2024 को दिशा निर्देश जारी किए हैं।परिवहन आयुक्त ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से संचालित इस योजना के लिए बजट परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के समर्पित सड़क सुरक्षा कोष द्वारा वहन किया जाएगा। घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाला भला व्यक्ति स्वेच्छानुसार अपनी पहचान आदि देने तथा योजना का लाभ लेने को तैयार होने पर अस्पताल के इमरजेंसी रूम में कार्यरत मेडिकल ऑफिसर द्वारा भले व्यक्ति का नाम, उम्र, लिंग, पता, मोबाइल नंबर, पहचान पत्र, बैंक डिटेल इत्यादि की जानकारी फॉर्म में दी जाएगी। मेडिकल ऑफिसर के अतिरिक्त संबंधित थानाधिकारी/उपखण्ड मजिस्ट्रेट द्वारा भी भले व्यक्ति को इस योजना का लाभ दिलाने की अनुशंसा निदेशक, जन स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं को दुर्घटना के 3 दिवस के अंदर की जाएगी।सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को निकटतम राजकीय अथवा निजी अस्पताल में पहुंचाने वाले भले व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने एवं उसकी इच्छानुसार तत्काल अस्पताल से जाने की अनुमति होगी। यदि घायल व्यक्ति गंभीर श्रेणी का है तो उसकी मदद करने वाले वाले भले व्यक्ति को 10 हजार रूपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। वहीं एक से अधिक भले व्यक्ति होने की स्थिति में सभी को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि सभी को समान रूप से विभाजित की जाएगी। भले व्यक्ति द्वारा सामान्य घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने पर केवल प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

### चित्तौरगढ़ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कजली तीज का पर्व



**चमकता राजस्थान। चित्तौड़गढ़।** अखंड सौभाग्य की कामना का पर्व बड़ी तीज यानि सातुड़ी तीज गुरूवार को मनाई गई। शाम को पारंपरिक पोशाकों में सज-धज कर तीज माता की पूजा की। चंद्र दर्शन कर पति के दीर्धायु की कामना की। बेसन, आटा व चावल से बने सत्तु के लड-डू से व्रत खोला। मंदिरों में इस दौरान महिलाओं की भीड रही। रात को महिलाओं ने तीज माता की कथा सुना। देर रात चांद दर्शन कर प्रसाद का कजली माता को भोग लगाया। पति के दर्शन के बाद खुद भी प्रसाद ग्रहण किया। तीज से एक दिन पहले बुधवार को देर रात की धमोळी मनाई गईतीज पर शाम को सज- धज कर मिट्टी की तलाई बना कर उसमें नीम की टहनी से तीज माता की आकृित सजाई।इसके बाद समूह में एक के बाद एक तीज माता की पूज़ा की ।इसी तरह सिंधी समाज की महिलाओं द्वारा गुरूवार को परम्परागत तरीके से टीजड़ी पर्व मनाया गया । इस दिन उपवास रखने के साथ ही शिव-गौरी की पूज़ा भी की गई। महिलाओं ने अपने पति की दीर्धायु औरसुख-समृद्धि के लिए टीजड़ी (मां गौरी) का व्रत रखा। समाज की महिलाओं ने इस अवसर पर तड़के उठ कर कोकी,मीठी मानी आदि से अल्पाहार किया,जिसके पश्चात टीजड़ी माता को हिंडोले (झूले ) में झुलाया गया।

### सोलह बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

# जेडीए ने मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन अधिकारी महेंद्र कुमार शर्मा के निर्देशन में नवीन अवैध कॉलोनियों पर चलाया पीला पंजा, करी प्रभावी कार्रवाई

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 22 अगस्त।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी की करीब 16 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। साथ ही जविप्रा की रिंग रोड़ योजना भूखण्ड संख्या-10/ डइत्र्र193 ,10/डइत्र्र194 सरकारी भूमी पर किये गये अवैध निर्माण का पूर्णतः ध्वस्तीकरण कर कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित ग्राम बल्लूपुरा, जिला जयपुर में करीब 06 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि



को समतल कर ''राधा कुंज'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।जेडीए द्वारा जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित सुमेल रोड़, रोजस विला गार्डन के पास, जिला जयपुर में करीब 10 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि

### सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।इसी प्रकार जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित रिंग रोड़ आगरा रोड़, जिला जयपुर में भूखण्ड संख्या 10/OBG/193 ,10/OBG/194 सरकारी भूमि पर जोर जबरदस्ती से कब्जा-अतिक्रमण कर अस्थाई आवास का निर्माण कर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ अवैध रूप से कबाडी को किराये पर दिया गया था उपायुक्त जोन कार्यालय से अतिक्रमण प्रोफोर्मा रिपोर्ट प्राप्त कर उक्त भूमि पर किये गये कब्जें-अतिक्रमणों को आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाहियां उपनियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 03 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम।- 22 अगस्त ।** - मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर गुरूवार को जिले में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। इसमे बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीकाकरण की सेवाएं प्रदान की गई। सत्रों के दौरान मौसमी बीमारियों के रोकथाम की जानकारी दी गई।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुरुवार को एमसीएचएन डे पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीके लगाए गए। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं और परिजनों को मौसमी बीमारियों से बचाव व रोकथाम के विषय में बताया गया । इसके साथ ही टीकाकरण सत्रों की जिला एवं ब्लॉक स्तर से प्रभावी मॉनिटरिंग की गई।

### साइबर ठगी के शिकार हुए लोगों को वापस मिली रकम, सीकर पुलिस ने चार पीड़ितों के 5.68 लाख रुपए करवाए रिफंड

**चमकता राजस्थान। जयपुर/सीकर,( खलील कुरैशी) 21 अगस्त।** साइबर ठगी के शिकार हुए सीकर जिले के चार जनों को साइबर सेल की टीम ने संबल देते हुए ठगी गई रकम 5 लाख 68 हज़ार 198 रुपए को वापस उनके खाते में रिफंड करवाने में सफलता हासिल की है। रकम वापस पाकर पीड़ितों ने पुलिस को धन्यवाद दिया।एसपी भूवन भूषण यादव ने बताया कि महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम एवं आईजी रेंज द्वारा साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों का तुरंत निस्तारण एवं आवशयक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ठगी के शिकार पीड़ितों द्वारा साइबर हेल्पलाइन एवं साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन फ्रॉड के मामले में शिकायते दर्ज कराई गई थी। जिनके निस्तारण के लिए उन्होंने साइबर सेल को जांच कर कार्रवाई करने के लिए आवशयक दिशा-निर्देश दिए गए थे एसपी यादव ने बताया कि उनके कार्यालय में पदस्थापित कांस्टेबल बजरंग सिंह द्वारा हेल्पलाइन एवं साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज की गई शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई कर संबंधित बैंक/मर्चेंट के नोडल अधिकारी से संपर्क कर ठगी की राशि को होल्ड करवा दोबारा पीड़ितों के खाते में रिफंड करवाया गया ।सीकर निवासी परिवादी प्रदीप कुमार से फोन कॉल के माध्यम से क्रेडिट कार्ड से 4,88,868 रुपए की साइबर ठगी की गई। हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाने पर उक्त रकम को होल्ड करवा कर 435000 रुपए रिफंड करवाए गये। लक्ष्मणगढ़ निवासी परिवादी अंकित कुमार के क्रेडिट कार्ड से 75198 रुपए की साइबर ठगी होने पर बैंक/मर्चेंट के नोडल अधिकारी से संपर्क कर संपूर्ण राशि रिफंड करवाई गई।इसी प्रकार लक्ष्मणगढ़ निवासी रंजन मिश्रा के खाते से 38000 का फ्रॉड होने एवं खाटू श्याम जी निवासी महावीर कुमावत के खाते से 20000 का फ्रॉड होने पर संबंधित बैंक/मर्चेंट के नोडल अधिकारी से संपर्क कर दोनों पीड़ितों से ठगी गई संपूर्ण राशि उनके खाते में रिफंड करवाई गई।

### जोधपुर में पुलिस थाना बालेसर का हैड कानिस्टेबल 2 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 22 अगस्त, गुरूवार ।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की जोधपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये वचनाराम हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना बालेसर, जिला जोधपुर ग्रामीण को परिवादी से 2 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए. सी.बी. की जोधपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि चरित्र सत्यापन जारी करने की एवज में आरोपी वचनाराम हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना बालेसर, जिला जोधपुर ग्रामीण द्वारा 2 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जोधपुर के उपमहानिरीक्षक पुलिस हरेन्द्र महावर के सुपरवीजन में एसीबी की जोधपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर पुलिस निरीक्षक मनीष वैष्णव मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी वचनाराम हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना बालेसर, जिला जोधपुर ग्रामीण को परिवादी से 2 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हँ३रंस्त्रस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

# मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर की अनीता चौधरी पैरालंपिक 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी

चमकता राजस्थान




जयपुर, (खलील कुरैशी)22 अगस्त। राजस्थान के झुंझुनू जिले के निवाई गांव की बेटी अनीता चौधरी, जो मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर की दूरस्थ शिक्षा की छात्रा भी हैं, इस साल पैरालंपिक 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। अनीता का चयन Rowing (PR3 Double Mixed) 2` टीम में हुआ है,, और अब वह अपने सपने को साकार करने के लिए तैयार हैं। अनीता न केवल एक उत्कृष्ट एथलीट हैं, जिन्होंने एशियाई पैरा गेम्स 2023 में रजत पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया, बल्कि वह एक मेधावी छात्रा भी हैं। उन्हें पढ़ाई में गहरी रुचि है और वे अपने माता-पिता के हर सपने को पूरा करने की इच्छा रखती हैं। अनीता के पिता, धन्नाराम खीचड़, भारतीय सेना में पूर्व सूबेदार के पद पर कार्यरत थे। अनीता के जीवन में संघर्ष का दौर तब शुरू हुआ जब करीब 10 साल पहले एक सड़क दुर्घटना में उनका एक पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके कारण उसे काटना पड़ा। इसके बावजूद अनीता ने कभी हार नहीं मानी और उन्होंने अपने जीवन को एक नई दिशा दी।

### सपनों की ओर बढ़ते कदम

अनीता का हमेशा से सपना था कि वह ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतें। उन्होंने अपनी मास्टर डिग्री की पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी जारी रखी। चीन में आयोजित एशियाई पैरा गेम्स में रजत पदक जीतने के बाद, अब अनीता 28 सितंबर से शुरू हो रहे पैरालंपिक 2024 में हिस्सा लेने जा रही हैं।

### मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर का गौरव

अनीता के इस गौरवमयी चयन पर मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर के अध्यक्ष एन. एन. शर्मा ने उन्हें हार्दिक बधाई दी। प्रो-प्रेसिडेंट कमोडोर (डॉ.) जवाहर एम. जांगिड़, रजिस्ट्रार डॉ. नीतू भटनागर, डॉ. रीना पूनिया (निदेशक खेलकूद), और डॉ. मल्लिकार्जुन गडापा (निदेशक ओडीएल) एवं यूनिवर्सिटी के अन्य बोर्ड के सदस्यों ने भी अनीता को शुभकामनाएँ दीं और उनके साहस और संकल्प की सराहना की।अनीता का यह कदम न केवल उनके लिए बल्कि पूरे राजस्थान और देश के लिए गर्व का क्षण है। अनीता ने यह साबित कर दिया है कि सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए सिर्फ इच्छाशक्ति और हौसला होना जरूरी है।

# जिला कलक्टर आलोक रंजन का कपासन दौरा

## जिला कलक्टर ने कपासन उपखंड कार्यालय का निरीक्षण किया, कपासन में औद्योगिक संस्थानों का अवलोकन किया

### स्वरोजगार की तरफ बढ़कर आत्मनिर्भर बने : जिला कलक्टर

चमकता राजस्थान



चित्तौड़गढ़-- जिला कलक्टर आलोक रंजन गुरुवार को कपासन उपखंड के प्रवास पर रहे। उन्होंने उपखण्ड कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोर्ट में लंबित विभिन्न प्रकारणों, पत्रावलियों का अवलोकन कर फाइलों का शीघ्र निस्तारण करने, ई-फाइल पर कार्य करने, कार्यालय में साफ सफाई व सामान्य व्यवस्था सुचारू रखने सहित आवशयक दिशा निर्देश दिए।

● **कलक्टर ने किया पौधारोपण**

इससे पूर्व जिला कलक्टर ने गेपिल इंडस्ट्रीज में पौधारोपण किया और जूबिलेंट एग्री एंड कंज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड का निरीक्षण कर क्षेत्र में किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने परिसर में पेड़ लगाने और सेक्टर को और हरा-भरा करने की बात भी कही। जिला कलक्टर ने इस अवसर पर कहा कि सामाजिक सरोकारों के तहत सिलाई, कंप्यूटर एवं इंग्लिश कोचिंग के माध्यम से स्थानीय युवाओं, महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वरोजगार की तरफ ले जाने एवं आत्मनिर्भर बनाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान कपासन उपखंड अधिकारी राजीव बडगुर्जर, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र राहुल देव सिंह, सहायक निदेशक जिला उद्योग केंद्र मोहित सिंह शेखावत, तहसीलदार जगदीश बामणिया, यूनिट हेड भूपेश गुप्ता, दीपक चटर्जी, सत्य प्रकाश कुमावत, राकेश पांचाल आदि उपस्थित रहे।

### राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने सेवा भावना रखते हुए पीड़ित मानवता के लिए समर्पण भाव से कार्य के लिए किया आह्वान



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को छत्रपति संभाजी नगर स्थित सेंचुरी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में नीरिप्लेसमेंट रोबोटिक सर्जरी मशीन का लोकार्पण किया। इस दौरानउन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में रोबोटिक सर्जरी महत्वपूर्ण पहल है। इससे छत्रपति संभाजी नगर में घुटने के रोग से पीड़ित मरीजोंका बड़े स्तर पर लाभ हो सकेगा। उन्होंने वहां उपस्थित चिकित्सकों से मशीन के बारे में पूरी जानकारी ली और चिकित्सालय प्रबंधनसे सेवा भाव रखते हुए पीड़ित मानवता के लिए कार्य करने का आह्वान भी किया।

### 21 वा गणेश महोत्सव अग्रवाल धर्मशाला में बनाया जाएगा धूमधाम से



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण )।** आज दिनांकः- 21 अगस्त 24 को गणेश मंडल बाड़ी की आम मीटिंग गंज में आयोजित की गई । जिसमे सर्वसमिति से 21 वे गणेश महोत्सव को धूमधाम से श्री अग्रवाल पंचायती धर्मशाला बाड़ी में बनाने का निर्णय लिया गया। ग्वालियर के मशहूर कारीगरों द्वारा 12 फुट की गजानन की मूर्ति प्रांगाड में विराजमान होगी। आम सभा में पुरानी कार्यकारणी भंग करके नवीन कार्यकारणी का चुनाव चुनाव अधिकारी हरिशंकर सर्राफ के निर्देशन में हुआ जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से कृष्णमुरारी शिवहरे को चुना गया एवम महामंत्री पद के रवि गर्ग (छोटू) एवम उपाध्यक्ष पद के लिए रवि सिंघल एवम पूजा मंत्री के लिए अनुराग बासु मंत्री पद के लिए सुरेश मराठा संगठन मंत्री देवो पटवारी कोषाध्यक्ष पद पीयूष मित्तल सूचना मंत्री पवन वर्मा को चुना गया । कार्यकारिणी में गणेश मंडल के सभी सदस्य सम्मिलित रहे ।

# होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान ने RIPS-24 प्रारूप के लिए रखे उल्लेखनीय सुझाव

चमकता राजस्थान



जयपुर !(खलील कुरैशी)नई राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024(फ्लब्दर-2024 )के प्रारूप के लिए मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा जी एवं डॉक्टर कृष्णकांत पाठक जी के नेतृत्व में शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में होटल फेडरेशन आफ राजस्थान द्वारा सुझाव/ विचार रखे गए. मुख्य बिंदु निम्न प्रकार से हैं!(1) राजस्थान इन्वेस्टमेंट स्कीम हॉस्पिटैलिटी एवं टूरिज्म सेक्टर में बेनिफिट पीरियड 7 वर्ष की समय सीमा है. जो बढ़ाकर 10 वर्ष तक की समय सीमा की जानी चाहिए!(2) बड़े स्तर पर इन्वेस्टमेंट करने पर वर्तमान लिमिट 50 करोड़ है जिससे घटाकर 35 करोड़ करने एवं एंप्लॉयमेंट की लिमिट 500 है जिससे घटा कर 200 करने का सुझाव दिया गया (3) ब्याज सब्सिड वर्तमान में प्लांट एवं मशीनरी पर ही है. होटल को बिल्डिग पर भी ब्याज सब्सिडी मिलना चाहिए.*(4) टूरिज्म क्लस्टर जोन की घोषणा कुछ विशेष धार्मिक, एडवेंचर एवं वाइल्डलाइफ क्षेत्र में की जानी चाहिए.(5) टूरिज्म यूनिट पॉलिसी में सभी टूरिज्म सेक्टर से जुड़े यूनिट को स्पष्टता से स्पेसिफाइड करना चाहिए. जैसे कि अभी टूर ऑपरेटर, रेस्टोरेंट एवं मोटल के संदर्भ में स्पष्ट क्लेरिफिकेशन नहीं है!(6) टूरिज्म यूनिट लैंड बैंक की स्थापना की जानी चाहिए जिससे कि सेक्टर में इन्वेस्टमेंट के लिए देश एवं विदेश से प्रस्ताव आ सके. (7) पर्यटक स्थलों एवं वेडिंग टूरिज्म बढ़ाने के लिए प्रचार -प्रसार किसी लोकप्रिय एक्टर/ क्रिकेटर से करवाया जाना चाहिए. वेडिंग के लिए राजस्थान को देश का सबसे ज्यादा लोकप्रिय राज्य बनाया जा सकता है!इन विषयों के अलावा अनेक अन्य महत्वपूर्ण विषय भी होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान द्वारा बैठक में रखे गए! इस अवसर पर होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणविजय सिंह बैठक में उपस्थित रहे!

## जेजेएस का 22वां वर्ष

# फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2023 नंदिनी गुप्ता ने लॉन्च किया जेजेएस का पोस्टर

चमकता राजस्थान



जयपुर! (खलील कुरैशी ( 22 अगस्त। जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस 24) का थीम पोस्टर फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2023 नंदिनी गुप्ता ने रामबाग पैलेस में लॉन्च किया। इस दौरान जेजेएस रूबी प्रमोशन ग्रुप का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जेजेएस कीआयोजन समिति के साथ-साथ कई अन्य प्रसिद्ध ज्वैलर्स भी मौजूद थे। इस अवसर पर नंदिनी गुप्ता ने कहा कि राजस्थान अपनी मेहमाननवाजी, स्वादिष्ट भोजन और खूबसूरत ज्वैलरी के लिए प्रसिद्ध है। जेजेएस आभूषण एवं रत्न समुदाय को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और जयपुर के आभूषणों को विश्व भर में पहचान मिलना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि जेजेएस राज्य की समृद्ध आभूषण विरासत को संरक्षित रखने के लिए अपने प्रयासों के लिए मशहूर है। इस अवसर पर जेजेएस आयोजन समिति के चेयरमैन, विमल चंद सुराणा ने बताया कि इस वर्ष जेजेएस की थीम 'रूबी' है। उन्होंने कहा कि पिछले 22 वर्षों में जेजेएस ने एग्जीबिटर्स, विजिटर्स और प्रमोशन पार्टनर्स आदि के सहयोग से उल्लेखनीय मुकाम हासिल किया है। इस वर्ष जेजेएस और भी विशाल और बेहतर होगा।जेजेएस के ऑनेनरी सेक्रेटरी, राजीव जैन ने कहा कि यह शो 2004 में 67 बूथों के साथ शुरू हुआ था, तब से लेकर अब तक इसमें 1128 बूथ हो चुके हैं, जिनमें से 211 अभी भी प्रतीक्षा में हैं। मार्केटिंग और प्रमोशन के अतिरिक्त, इस आयोजन के दौरान रूबी से संबंधित चुनौतियों जैसे कटिंग, पॉलिशिंग, ट्रीटमेंट और सर्टिफिकेशन आदि पर भी थीम प्रमोशन के दौरान विचार किया जाएगा। जयपुर ज्वैलरी डिजाइन फेस्टिवल (जेजेडीएफ) में नए ज्वैलरी डिजाइनरों, आर्टीजंस और शिल्पकारों के कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा।जेमफील्ड्स इंडिया के निदेशक, गोपाल कुमार ने विश्व के सबसे बड़े रूबी उत्पादक देश मोजाम्बिक का उदाहरण देते हुए, विश्व के सबसे गरीब देशों में से एक की सामाजिक स्थिति को ऊपर उठाने में उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए ट्रेड प्रतिभागियों और बिजनेस एसोसिएट्स की सराहना की। उन्होंने यह भी बताया कि जेमफील्ड्स एक दशक से अधिक समय से जेजेएस के साथ जुड़ा है और इस यात्रा को आगे भी जारी रखने के लिए तत्पर है। कार्यक्रम का संचालन जेजेएस के संयुक्त सचिव एवं प्रवक्ता अजय काला ने किया। उन्होंने कहा कि जेजेएस देश में नंबर 1 बी2सी और नंबर 2 बी2बी शो बना हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि जेजेएस डिसेम्बर शो में व्यापार बढ़ाने के नए आयाम देखने को मिलेंगे।

### इस वर्ष जेजेएस में 1128 बूथ होंगे

# सार्वजनिक निर्माण विभाग में चल रहा अतिरिक्त चार्ज के नाम पर भ्रष्टाचार का खेल

**चमकता राजस्थान**

सार्वजनिक निर्माण विभाग में अतिरिक्त चार्ज के नाम पर बड़े भ्रष्टाचार का खेल उजागर हो सकता है यह खेल विभाग की मंत्री तथा प्रमुख शासन सचिव को अंधेरे में रखकर विभाग के बड़े अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है !मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भ्रष्टाचार पर ज़ीरो टॉलरेंस की नीति को दरकिनार करते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग में अभियंताओं को अतिरिक्त चार्ज देने का खेल लंबे समय से चल रहा है अतिरिक्त चार्ज देने से कार्य की गुणवत्ता तो प्रभावित होती ही है एक अभियंता के पास दो अभियंताओं का काम होने से उन पर कार्य का दबाव काफ़ी बढ़ जाता है, जबकि कई अभियंता चीफ ऑफ़िसि में सिर्फ़ हाजरी भर रहे हैं यदि उन्हें फिल्ड पोस्टिंग दी जाए तो अभियंताओं की कमी भी दूर हो सकती है!

मिली जानकारी के अनुसार यदि जाँच की जाए तो अतिरिक्त चार्ज के खेल में बड़ा भ्रष्टाचार सामने आ सकता है, कई कई जगह तो अधिकारियों ने अपने स्तर पर ही अतिरिक्त चार्ज दे रखा है, पिछली कांग्रेस सरकार में कई अभियंताओं को मलाईदार पद अतिरिक्त चार्ज के रूप में दिये गए थे जो आज भाजपा सरकार को आठ महीने होने के बाद भी उन ही मलाईदार पदों पर आसीन है जो उन्हें कांग्रेस सरकार में मिले थे इनमें बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है!

मिली जानकारी के अनुसार कई जगह तो एईएन को एक्सईएन का और एक्सईएन को अधीक्षण अभियंता का चार्ज मिला हुआ है तो कई जगह एक एईएन को दो एईएन का चार्ज दे रखा है!

### कई ज़ोन में विभाग की मंत्री तथा प्रमुख शासन सचिव को भी नहीं है अतिरिक्त चार्ज का संज्ञान

» भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा खेल यहाँ चल रहा है कि बिना मंत्री और प्रमुख शासन सचिव के संज्ञान के कई अधिकारियों ने अपने निजी स्तर पर ही अभियंताओं को अतिरिक्त चार्ज दे रखा है यदि मंत्री अथवा प्रमुख शासन सचिव प्रत्येक ज़ोन से जानकारी जुटाएं तो सारा खेल उन्हें समझ में आ जाएगा

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनी



**ऋषिकेश।** जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जनपद पौड़ी के यमकेश्वर तहसील जाखणीखाल में स्थित कठुड़बड़ा गांव में रात्रि चौपाल आयोजित कर लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान मौके पर ही उन्होंने समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष दिव्यांग, वृद्धावस्था और अन्य पेंशन संबंधित प्रकरण को संज्ञान में लाया। जिस पर जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने कहा कि वर्तमान समय में राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालय ग्रैंडखाल में जो भूगोल के टीचर तैनात थे वे अभी देहरादून में अटैच हैं जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल मुख्य शिक्षा अधिकार को निर्देशित किया कि विद्यालय में भूगोल के अध्यापक की उपस्थित सुनिश्चित करें।

### बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया इलाज के बाद अस्पताल से घर लौटीं



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया अस्पताल में करीब एक महीने से ज्यादा इलाज कराने के बाद बुधवार को घर वापस आ गई हैं। शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के गिरने के बाद खालिदा (79) को सभी आरोपों से बरी करते हुए जेल से रिहा कर दिया गया था। जानकारी के मुतबिक जिया पिछले पांच वर्षों से नजरबंद थी। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष जिया को इस महीने की शुरूआत में राष्ट्रपति ने क्षमादान दिया था जिसके बाद यह पहली बार है कि वह स्वतंत्र तौर घर आईं हैं। खबर में बीएनपी मीडिया प्रकोष्ठ के सदस्य शायरुल कबीर खान के हवाले से बताया गया है कि शाम करीब सात बजे जब वह अस्पताल से निकलीं तो कई पार्टी कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता उनके साथ घर तक गए। जिया मार्च 1991 से मार्च 1996 तक तथा जून 2001 से अक्टूबर 2006 तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं। पूर्व प्रधानमंत्री लिवर सिरोसिस, गठिया, मधुमेह, गुर्दे, फेफड़े, हृदय और आंखों से संबंधित समस्याओं सहित विभिन्न बीमारियों से पीड़ित जिया को आठ जुलाई को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### छात्र की हत्या मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** रक्षाबंधन के दिन आदर्श नगर में अपनी बहन से राखी बंधवाने आए आर्किटेक्चर छात्र अरुण की हत्या मामले में डीएलएफ क्राइम ब्रांच की टीम ने मुख्य आरोपी अंशु को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गुरुवार को अंशु को अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। रक्षाबंधन के दिन आदर्श नगर के गली नंबर 10 स्थित डॉक्टर के बेटे को घर में घुसकर बाइक सवार दो युवकों ने अरुण को गोली मार कर हत्या कर दी थी। वारदात से कुछ समय पहले अरुण अपने घर में अपनी बहन और भाई के साथ बातचीत कर रहा था, उस समय अरुण उसका भाई अजय और उसकी बहन घर आए थे।

### फतेहाबाद : गेहूं से भरा ट्रक लेकर चालक हुआ गायब,ट्रक मालिक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना से ट्रक में गेहूं की सैंकड़ों बोरियां लोड करके राजस्थान के लिए चले एक ट्रक के गायब होने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने ट्रक मालिक को फतेहाबाद ट्रक यूनियन से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान अरविंद सिंह उर्फ मोटू पुत्र धर्मपाल निवासी बृजलालपुरा, जिला झुंझनू राजस्थान के रूप में हुई है। गुरुवार को इस बारे जानकारी देते हुए थाना शहर टोहाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस बारे 14 जून को गांव हमजापुर निवासी विरेन्द्र सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### खंभे में उतरे करंट ने ली युवक की जान

**मीरजापुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाइन रोड पर बारिश से बचने के लिए खड़ा युवक बाइक की टक्कर के बाद खंभे से टकरा गया। खंभे में आ रहे करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पड़री निवासी अभिषेक सोनकर (18) शहर कोतवाली क्षेत्र के कजरहवा पोखरा स्थित अपने नाना के घर पर रहता था। बुधवार की रात लगभग नौ बजे वह घर से साबुन लेने निकला था। साबुन लेकर लौटते समय रास्ते में पुलिस लाइन रोड के पास बारिश होने पर वह रुक गया।

### रिश्वत के आरोप में एक गिरफ्तार

**शिमला।** शिमला के जिला पुलिस अधीक्षक (एस.पी.) दफ्तर में रीडर के पद पर तैनात रहे एक कांस्टेबल को रिश्वत के आरोप में विजिलेंस ने गिरफ्तार किया है। रीडर ने एट्रोसिटी से जुड़े एक मामले को रफा-दफा करने के लिये शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने इसकी विजिलेंस को इसकी सूचना दी। इस शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद विजिलेंस द्वारा आरोपित को पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। बुधवार शाम विजिलेंस ब्यूरो के एक विशेष दस्ते ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

## ब्रिटेन में दंगा भड़काने की साजिश रचने वाला लाहौर से गिरफ्तार

### पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी आरोपी फरहान आसिफ को दबोचा

**लाहौर। एजेंसी**



ब्रिटेन में झूठी सूचना और अफवाह से दंगा भड़काने वाले पाकिस्तानी नागरिक को पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी ने लाहौर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान फरहान आसिफ के रूप में हुई। वह फ्रीलांस वेब डेवलपर है। पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआइए) ने फर्जी जानकारी आनलाइन फैलाने के लिए उसपर साइबर अपराध का आरोप लगाया है।

एफआइए ने कहा कि यह साबित हो चुका है कि फर्जी खबर फैलाने वाला अकाउंट आसिफ का था। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ब्रिटेन ने उसके प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है या नहीं। आरोप है कि उसने ब्रिटेन में डांस क्लास में 29 जुलाई को चाकूबाजी में शामिल संदिग्ध के बारे में यूट्यूब और फेसबुक पर गलत सूचना फैलाई थी। उसने दावा किया था कि संदिग्ध हाल ही में ब्रिटेन आया है और शरण चाहता है। हमलावर ब्रिटेन का रहने वाला था। गलत सूचना के लगातार प्रसारित होने के बाद वहां दंगा भड़क उठा था।

धुर दक्षिणपंथियों ने शरण चाहने वालों पर हमला शुरू कर दिया था। भीड़ ने मस्जिद के साथ ही शरण चाहने वालों से जुड़े स्थानों को भी निशाना बनाया था। ब्रिटेन के कई शहर दंगे से प्रभावित हुए थे। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे।

### शिवसेना ने किया एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन

**मेरठ।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे मेरठ इकाई द्वारा एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। उन्होंने प्रदेश में बढ़ते हुए अपराधों पर आक्रोश जताया और अपराधों पर रोकथाम की मांग की। शिवसेना अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर अध्यक्ष अजीज ठेकेदार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसएसपी कार्यालय का घेराव कर बढ़ते हुए अपराधों का विरोध किया। शिवसेना के प्रदेश महासचिव व पश्चिमी यूपी प्रभारी धर्मेन्द्र ने कहा कि मेरठ के मुस्लिम बहुल इलाकों में अराजक तत्व पुलिस संरक्षण में पल-बढ़ रहे हैं।

## पूर्व प्रधानमंत्री हसीना के खिलाफ आईसीटी में तीन और शिकायत दर्ज

**ढाका। एजेंसी**



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर 15 जुलाई से पांच अगस्त के बीच मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार करने का आरोप लगाते हुए कल अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) की जांच एजेंसी में तीन और शिकायतें दर्ज की गई हैं। यह जानकारी बांग्लादेश के समाचार पत्र द डेली स्टार ने अपनी रिपोर्ट में दी है।

द डेली स्टार के अनुसार, इसके अलावा हसीना के खिलाफ हत्या के नौ व एक अन्य मामला कुछ दिन पहले दर्ज किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ अब तक कुल 44 मामले दर्ज किए गए। इनमें हत्या के 35, मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार के सात, अपहरण का एक और बीएनपी के जुलूस पर हमले का एक मामला शामिल है। जांच एजेंसी के उप निदेशक (प्रशासन) अताउर रहमान ने कहा है कि हमने तीन शिकायतें दर्ज कर इस तरह सभी मामलों की जांच शुरू कर दी है।

### स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**हरिद्वार।** लक्सर कोतवाली अंतर्गत सुल्तानपुर चौकी पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 7.45 ग्राम स्मैक बरामद की है। आरोपित के विरुद्ध लक्सर कोतवाली में चोरी व एनडीपीएस के कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपित कुछ दिन पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया था। पुलिस के मुताबिक चौकी प्रभारी सुल्तानपुर लोकपाल परमार को मोहम्मदपुर कुन्हारी से आरोपित असद उर्फ चंडी द्वारा स्मैक की तस्करी करने की सूचना मिली।

### सोसाइटी में छत से गिरा प्लास्टर, बाल-बाल बचे बच्चे

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-77 स्थित केएलजे सोसाइटी के टावर बी-6 के फ्लैट नंबर- 103 में बुधवार देर रात छत का प्लास्टर गिर गया। गनीमत रही कि फ्लैट में मौजूद परिवार का कोई सदस्य घायल नहीं हुआ। वहीं परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि केएलजे सोसाइटी के बिल्डर ने टावर के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया है। यहां बने फ्लैटों में सीमेंट का प्रयोग ही नहीं किया गया है। इस संबंध में सोसाइटी के लोग मेंटेनेंस प्रबंधक से कई बार शिकायत कर ऑडिट की मांग कर चुके है, लेकिन बिल्डर और मेंटेनेंस प्रबंधक कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है। सेक्टर- 77 स्थित केएलजे सोसाइटी में लगभग पांच हजार से अधिक परिवार रहते है। यहां सोसाइटी में पहले भी तीन बार अलग-अलग जगहों पर छत का प्लास्टर गिर चुका है। उस समय भी मेंटेनेंस प्रबंधक ने लोगों को ऑडिट का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। टावर बी-6 फ्लैट नंबर- 103 निवासी राजीव भारद्वाज और ममता शर्मा ने बताया कि देर रात करीब डेढ़ बजे अचानक फ्लैट के छत का एक नुकीला प्लास्टर बेड पर गिर पडा।

## देश में संविधान और कानून सबके लिए बराबर है : श्याम बिहारी

**रायपुर। एजेंसी**



कांग्रेस ईडी के दुरुपयोग और विपक्ष के नेताओं को फंसाने के षड्यंत्र के विरोध में आज गुरुवार को ईडी दफ्तर के बाहर प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस के इस प्रदर्शन पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस देश में संविधान और कानून सबके लिए बराबर है। कोई भी कितना भी शक्तिशाली व्यक्ति क्यों न हो जांच होती है और कार्रवाई भी होती है।

कांग्रेस को देश की संस्थाओं पर विश्वास ही नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि? कोई भी कितना भी शक्तिशाली व्यक्ति क्यों न हो मामले की जांच होती है और कार्रवाई भी निश्चित रूप से होती है। ईडी एक स्वतंत्र एजेंसी है जो भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करती है। पुलिस भी अपना काम करती है। कांग्रेस को देश की संस्थाओं पर विश्वास ही नहीं है।

विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस 24 अगस्त को प्रदर्शन पर मंत्री जायसवाल ने कहा कि बलौदाबाजार घटना के जो वीडियो और फुटेज सामने आए हैं, उसमें सभी ने देखा कि किस तरह से कांग्रेस के लोगों ने भड़काऊ भाषण दिया और बयानबाजी की, जिसके बाद इतनी बड़ी घटना छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार घटी। कांग्रेस को प्रेशर पॉलिटिक्स न करके इस पर सहयोग करना चाहिए। प्रेशर पॉलिटिक्स कांग्रेस हमेशा से करती आई है जो आगे चलकर देश और समाज के लिए नुकसानदेह होगा। गुरु घासीदास की धरती पर ऐसी घटना प्रदेश के सम्मान को घटाने वाला है। प्रदेश की जनता हमारी सरकार से खुश है। कांग्रेस मुद्दा विहीन पार्टी है सिर्फ धरना और विरोध प्रदर्शन कर अपनी ओर ध्यान आकर्षित करने का प्रयास कर रही है।

### अलग-अलग मामलों में महिला समेत चार नशा तस्कर गिरफ्तार

**शिमला।** शिमला पुलिस ने नशे के तीन विभिन्न मामलों में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। आरोपितों से इस दौरान मादक पदार्थ चरस व चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने सभी तस्करों के खिलाफ सम्बंधित थानों में मामला दर्ज कर लिया है। पहले मामले में पुलिस ने चरस की तस्करी के आरोप में एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के स्पेशल सेल ने कैंसर अस्पताल के पास आईजीएमसी में संदिग्ध पाए जाने पर एक महिला व युवक की तलाशी ली और उनके कब्जे से 1.100 किलोग्राम चरस बरामद हुई। पकड़ी गई महिला मंडी जिला के करसोग की रहने वाली है, जबकि युवक उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद का निवासी है। आरोपितों की पहचान इंदिरा देवी (53) और अनीश (42) के रूप में हुई है। दूसरे मामले में पुलिस ने दिल्ली से शिमला आ रही हरियाणा रोडवेज की बस में सफर कर रहे एक यात्री से पकड़ा चिट्टा पकड़ा है। शिमला पुलिस के स्पेशल सैल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शोघी बैरियर के पास हरियाणा रोडवेज की बस में सवार एक युवक को चिट्टे के साथ पकड़ा है।

## विद्यार्थियों को योग से जोड़ने का अभिनव प्रयास है: उप मुख्यमंत्री

**जयपुर। एजेंसी**



उप मुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री राजस्थान सरकार प्रेमचंद बैरवा से जयपुर योगा लीग के सचिव अभिनव जोशी एवं जयपुर योग महोत्सव के संयोजक योगाचार्य योगी मनीष विजयवर्गीय ने मुलाकात कर उन्हें आगामी 24-25 अगस्त को सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित आठवीं जयपुर योगा लीग की जानकारी देते हुए उन्हें आमंत्रित किया।

उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों को योग से जोड़ने के प्रयास की सराहना करते हुए चैपियनशिप के पोस्टर का विमोचन भी किया। इस अवसर पर गौ सेवक महेश महाराज का सानिध्य रहा। महाराज ने कहा कि युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक बल देने के लिए जयपुर योगा लीग जिस प्रकार जमीनी स्तर पर कार्य व्यक्ति से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण सहभागिता है।

### 2511 टीमें घर जाकर खोजेंगी कुष्ठ रोगी

**मुरादाबाद।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने गुरुवार को बताया कि जिले के सभी ब्लॉकों पर एवं अर्बन मुरादाबाद में पोलियो अभियान की तरह 14 दिन का कुष्ठ रोगी खोजी अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 2 सितंबर से आरंभ होकर 15 सितंबर तक चलेगा। इस कार्य के लिए पूरे मुरादाबाद में 2511 टीमें लगाई गई हैं, जो घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की खोज करेंगी। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. ब्रह्म सिंह व जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान के लिए लगी टीम में एक आशा एवं एक पुरुष कार्यकर्ता शामिल होगा। जिन स्थानों पर आशा उपलब्ध नहीं है उन स्थानों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अन्य स्वयंसेवकों को लगाकर टीम बनाई जाएगी। इन टीमों के कार्य के पर्यवेक्षण के लिए पांच टीमों पर एक सुपरवाइजर लगाया जाएगा।

## केन्द्र सरकार, सेबी और अडानी समूह की मिलीभगत/भ्रष्टाचार के कारण लाखों परिवारों की मेहनत की कमाई का भविष्य अंधकार में : नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली

**चमकता राजस्थान**

अलवर /जयपुर! (खलील कुरैशी)। कांग्रेस पार्टी द्वारा अडानी महाघोटाले की जेपीसी मांग को लेकर किए गए विरोध प्रदर्शन पर राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि आज केन्द्र सरकार, सेबी और अडानी समूह की मिलीभगत के कारण लाखों परिवारों द्वारा मेहनत की कमाई से शेयर बाजार में किए गए निवेश का भविष्य अंधकार में आ गया है। सेबी प्रमुख माधवी पु-री बुच की जिम्मेदारी है कि शेयर मार्केट पर नजर रखें एवं किसी भी ऐसी घटना की निष्पक्ष जांच करें जिससे निवेशकों की मेहनत की कमाई संकट में न आए। हिंडनबर्ग समूह द्वारा पहले जारी की गई रिपोर्ट में अडानी समूह द्वारा की जा रही अनियमितताएं सामने आई जिनकी जांच स्वक्ड को करनी थी। ऐसे में यह बेहद आवशयक था कि सेबी के पदाधिकारियों का अडानी समूह से कोई संबंध ना हो परन्तु सेबी की प्रमुख का ही अडानी समूह से सीधा संबंध निकला है। इस कारण ना तो अनियमितताओं की जांच हो सकी है और ना ही सच जनता के सामने आया है। जबकि निवेशकों के लाखों करोड़ों रुपये का भविष्य संकट में आ गया है। इस मिलीभगत और इससे हुए घोटाले को उजागर करने के लिए संयुक्त संसदीय समिति से जांच की जानी चाहिए।जूली ने कहा कि संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार अडानी समूह के कार्यों पर सवाल उठाते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में अपराधबोध से ग्रसित होकर चुनावी सभा में अडानी समूह पर लोकसभा चुनावों में कालाधन रखने का आरोप लगा दिया था परन्तु इन आरोपों की ना तो ईडी और ना ही आयकर विभाग ने जांच की। अब हिंडनबर्ग रिपोर्ट में सेबी और अडानी समूह के बीच का रिश्ता सामने आया है। ऐसे में ये बेहद जरूरी हो गया है कि सेबी इन सभी आरोपों की जांच करे। जूली ने कहा कि आज विपक्ष के पास राहुल गांधी जैसे मजबूत नेता प्रतिपक्ष हैं जिसके कारण पहले अपनी जिद पर अडिग रहने वाले हठधर्मी देश के पीएम को अपने फैसले पलटने को मजबूर होना पड़ रहा है। चाहे यूपीएससी में लेटरल एंट्री का फैसला हो या वक्फ बोर्ड बिल को संसदीय समिति को भेजना, यह दिखाता है कि आज देश की मजबूत आवाज बन चुके राहुल गांधी एवं इंडिया गठबंधन की सत्य और न्याय की लड़ाई के आगे केन्द्र की भाजपा सरकार का अंहकार निरंतर हार रहा है। आज नहीं तो कल इस मोडानी महाघोटाले की सच्चाई जनता के सामने उजागर होगी।



## चुनाव में 40 लाख से अधिक खर्च नहीं कर सकेंगे उम्मीदवार : डॉ. जयवीर

**फतेहाबाद। एजेंसी**



रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम डॉ. जयवीर यादव ने कहा कि हरियाणा विधानसभा आम चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार अपने चुनाव में 40 लाख रुपये तक खर्च कर सकते हैं। इसके साथ ही इन उम्मीदवारों को खर्च के पैसों का हिसाब रखना होगा और चुनावी खर्च के लिए नामांकन से पहले अलग से बैंक खाता भी खुलवाना होगा।

उन्होंने बताया कि विधानसभा आम चुनाव की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 5 सितंबर को चुनाव अधिसूचना के साथ ही फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र 12 सितंबर तक भरे जा सकते हैं। 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और उम्मीदवार 16 सितंबर को दोपहर तीन बजे तक अपना नाम वापस ले सकते हैं, उसी दिन चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। नामांकन के दौरान उम्मीदवार रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) के कार्यालय में अधिकतम चार व्यक्तियों को अपने साथ लाने की अनुमति होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### ओली ने एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ किया करार




**एडिलेड।** इंग्लैंड के मौजूदा कार्यवाहक टेस्ट कप्तान ओली पोप ने बिग बैश लीग (बीबीएल) के लिए एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ करार किया है। पोप, जो बेन स्टोक्स की हैमस्ट्रिंग चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड की कप्तानी कर रहे हैं, 18 दिसंबर को समाप्त होने वाले न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे के बाद स्ट्राइकर्स के लिए उपलब्ध होंगे, जिसका मतलब है कि वह कम से कम पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। पोप 28.77 की औसत और 132.82 की स्ट्राइक-रेट के साथ 1295 रन के अपने टी20 रिकॉर्ड को आगे बढ़ाना चाहेंगे। हाल ही में लंदन स्पिरिट के लिए हंड्रेड में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। जहां उन्होंने पांच पारियों में 35 रन बनाए थे। उन्हें एशेज के प्रतिद्वंद्वी ट्रैविस हेड और एलेक्स कैरी के साथ मिलकर खेलने का मौका मिलेगा, जिन्होंने चार साल का नया करार किया है, जब वे भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद बीबीएल के लिए थोड़े समय के लिए उपलब्ध होंगे। स्ट्राइकर्स के नए मुख्य कोच टिम पेन ने कहा ओली पोप एक असाधारण प्रतिभा है, जिसका उच्चतम स्तर पर सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है। उनकी गतिशील बल्लेबाजी शैली और विकेट-कीपिंग क्षमताएं हमारी टीम के लिए एक शानदार अतिरिक्त हैं।

### महिला निदेशक इंदिरा नूयी का इस्तीफा



**दुबई।** इंदिरा नूयी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से अपना नाता तोड़ लिया है। पेप्सिको की पूर्व सीईओ, जो विश्व निकाय की पहली स्वतंत्र महिला निदेशक थीं, अब इस प्रतिष्ठित पद पर नहीं हैं। क्रिकबज के अनुसार, पिछले महीने कोलंबो में हुए वार्षिक सम्मेलन के साथ ही उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। कोलंबो सम्मेलन के दौरान भारतीय मूल की अमेरिकी नूयी ने ऑनलाइन बैठक में भाग लिया और इस अवसर के लिए आईसीसी को धन्यवाद दिया। माना जा रहा है कि आईसीसी अब एक उपयुक्त उम्मीदवार की तलाश कर रहा है, जो स्वतंत्र निदेशक की परिभाषा में फिट हो सके। चर्चा है कि उनकी जगह एक ऑस्ट्रेलियाई महिला आएगी। चेन्नई में जन्मी अमेरिकी व्यवसायी नूयी जून 2018 में शुरूआत में दो साल के कार्यकाल के लिए आईसीसी में शामिल हुईं, आईसीसी संविधान के अनुसार, एक स्वतंत्र महिला निदेशक दो साल के तीन कार्यकाल के लिए पात्र है।

### अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के सहायक कोच नियुक्त हुए आर. श्रीधर



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर. श्रीधर को सीनियर पुरुष टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। 54 वर्षीय श्रीधर न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम से जुड़ेंगे। लंबी अवधि के अनुबंध पर बाद में विचार-विमर्श किया जा सकता है। श्रीधर के पास कोचिंग का अच्छा खासा अनुभव है और उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप तक रवि शास्त्री के अधीन भारत के फील्डिंग कोच के रूप में काम किया है। 2008 से 2014 तक, पूर्व प्रथम श्रेणी बाएं हाथ के स्पिनर ने भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में सहायक फील्डिंग और स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में भी काम किया और 2014 के भारत अंडर-19 विश्व कप टीम के सहायक कोच भी रहे। उन्होंने आईपीएल में किंग्स इलेवन पंजाब फ्रैंचाइजी के साथ कोचिंग का भी लुत्फ उठाया है। अफगानिस्तान टीम में श्रीधर मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट के अधीन काम करेंगे, क्योंकि टीम 9 सितंबर से नोएडा में न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच 18 सितंबर से शारजाह में खेले जाएंगे।

# साईनाथ पारधी ने जीता कांस्य पदक

## अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप : चार भारतीय महिला पहलवान फाइनल में

- अदिति कुमारी ने अलेक्जेंड्रा बेरेजोवस्काया को 8-2 से हराकर स्वर्ण पदक मैच में प्रवेश किया
- 65 किग्रा वर्ग में पुलकित ने मिस्र की मरम इब्राहिम एली पर 3-0 से जीत हासिल की

**नई दिल्ली। एजेंसी**



साईनाथ पारधी ने बुधवार को जॉर्डन के अम्मान में अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के लिए दूसरा पदक जीता, जब उन्होंने पुरुषों के 51 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में कजाकिस्तान के येरासिल मुसन पर 3-1 से जीत के साथ कांस्य हासिल किया। पारधी ने रेपेचेज राउंड में यूएसए की मुनारेटो डोमेनिक माइकल को 7-1 से हराकर पदक मुकाबले में प्रवेश किया था। चार भारतीय महिला पहलवान फाइनल में पहुंचीं- 43 किग्रा वर्ग में अदिति कुमारी ने अलेक्जेंड्रा बेरेजोवस्काया को 8-2 से हराकर स्वर्ण पदक मैच में प्रवेश किया और अब उनका सामना ग्रीस की मारिया एल गिका से होगा। अदिति ने यूक्रेन की कैरोलिन शपरिक (10-0) और मैरिएम मोहम्मद अब्देलाल (4-2) के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए नॉकआउट में प्रवेश किया। 57 किग्रा के सेमीफाइनल में नेहा ने कजाकिस्तान की अन्ना स्ट्रेटन को 8-4 से हराया और अब उनका मुकाबला जापान की सो त्सुत्सुई से होगा। नेहा ने बिना कोई अंक गंवाए सेमीफाइनल में जगह बनाई क्योंकि उन्होंने ग्रीक प्रतिद्वंद्वी मैरी मनी को पिन किया और फिर जॉर्जिया की मिरांडा कपानाडेज के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की।

65 किग्रा वर्ग में पुलकित ने मिस्त्र की मरम इब्राहिम एली पर 3-0 से जीत हासिल की और फाइनल में डारिया फ्रोलोवा से भिड़ेंगी। इससे पहले पुलकित ने चीन के लिंग कै को 'विन बाय फॉल' के लिए हराया और उसके बाद जुलियाना कैटानजारो के खिलाफ 9-0 की शानदार जीत दर्ज की। इस बीच, 73 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रही मानसी लाथेर ने यूक्रेन की क्रिस्टीना डेमचुक के खिलाफ 12-2 के स्कोर के साथ फॉल से जीत हासिल की और स्वर्ण पदक के लिए हन्ना पिरस्काया का सामना करेंगी। मंगलवार रात ग्रीको-रोमन कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में विश्व में दूसरे स्थान पर काबिज रौनक ने तुर्की के इमरुल्लाह कैपकन को 6-1 से आसानी से हराकर चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला पदक जीता। सेमीफाइनल में वे हंगरी के रजत पदक विजेता जोल्टन जाको से हार गए थे। स्वर्ण पदक यूक्रेन के इवान यानकोवस्की ने जीता, जिन्होंने जाको को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया।

### बेंगलुरु स्मैशर्स ने अल्वारो रॉबल्स को कप्तान नियुक्त किया

**चेन्नई।** अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) 2024 में स्टार स्पेनिश पैडलर अल्वारो रॉबल्स बेंगलुरु स्मैशर्स टीम की कप्तानी करेंगे। यूटीटी 2024 की शुरूआत शुक्रवार को चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में हो रही है, पहले मैच में चेन्नई लायंस का सामना बेंगलुरु स्मैशर्स की टीम से होगा। 33 वर्षीय रॉबल्स प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की एक टीम का नेतृत्व करेंगे, जिसमें भारतीय शीर्ष खिलाड़ी मनिका बत्रा, यूएसए की सनसनी लिली झांग, युवा जीत चंद्रा और तनीषा कोटेचा और बेहद अनुभवी अमलराज एंथोनी शामिल हैं। रॉबल्स अल्टीमेट टेबल टेनिस में अपने चौथे वर्ष में हैं और पीबीजी बेंगलुरु स्मैशर्स के साथ उनका यह पहला वर्ष है। दो बार के ओलंपियन, रॉबल्स ने पिछले सीजन के यूटीटी फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें भारतीय महान अचंता शरथ कमल को 3-0 से हराया था। पीबीजी बेंगलुरु स्मैशर्स के मालिक पुनीत बालन ने कहा, ₹हम अल्वारो रॉबल्स को पीबीजी बेंगलुरु स्मैशर्स का कप्तान बनाकर बहुत खुश हैं।

## मणिपुर के डीजीपी ने पेरिस ओलंपियन मीराबाई चानू, नीलकांत शर्मा को किया सम्मानित

**इंफाल। एजेंसी**



मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह ने अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले एथलीट मीराबाई चानू और शांगलाकपम नीलकांत शर्मा को पुलिस मुख्यालय, इंफाल में सम्मानित किया। पेरिस ओलंपिक में भारत का अभियान पांच कांस्य और एक रजत सहित छह पदकों के साथ समाप्त हुआ। मणिपुर पुलिस ने एक्स पर सम्मान समारोह की झलकियां साझा कीं और लिखा, मणिपुर के 2024 पेरिस ओलंपियन अर्थात मीराबाई चानू और शांगलाकपम नीलकांत शर्मा को पुलिस मुख्यालय, इंफाल में अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ डीजीपी मणिपुर द्वारा सम्मानित किया गया।

मणिपुर पुलिस को उनकी उपलब्धियों और राष्ट्र के प्रति योगदान पर गर्व है और उनके भविष्य के प्रयासों में सभी प्रोत्साहन और समर्थन का आश्वासन दिया गया है। चानू और नीलकांत शर्मा मणिपुर से हैं। चानू मामूली अंतर से पोडियम स्थान से चूक गईं और महिलाओं की 49 किग्रा भारोत्तोलन स्पर्धा में कुल 199 किग्रा के साथ चौथा स्थान हासिल किया। इस बीच, नीलकंठ शर्मा को कृष्ण बहादुर पाठक और जुगराज सिंह के साथ भारत की पुरुष हॉकी टीम की वैकल्पिक खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया।

हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्पेन पर 2-1 की जीत के बाद ओलंपिक में 52 वर्षों में पहली बार लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीता। निशानेबाजी में मनु भाकर ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया। वह स्वतंत्रता के बाद के युग में ओलंपिक के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनीं।

## काउंटी चैंपियनशिप 2025 में ससेक्स के लिए नहीं खेलेंगे चेतेश्वर पुजारा

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारतीय टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा अगले साल काउंटी चैंपियनशिप के लिए ससेक्स की टीम का हिस्सा नहीं होंगे, क्योंकि इंग्लिश क्लब ने उन्हें हटाकर आस्ट्रेलियाई डेनियल ह्यूजेस की सेवाएं बरकरार रखने का फैसला किया है। बाएं हाथ के ह्यूजेस अगले सत्र में सभी चैंपियनशिप और टी20 विटैलिटी ब्लास्ट मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। क्लब ने यह भी घोषणा की कि वेस्टइंडीज के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडन सेल्स चैंपियनशिप के पहले ब्लॉक में खेलेंगे। पुजारा ने ह्यूजेस के आने से पहले पहले सात चैंपियनशिप मैच खेले थे। ससेक्स के मुख्य कोच पॉल फारब्रेस ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा, ₹चेतेश्वर की जगह लेना कोई आसान काम नहीं है, लेकिन डैन ने शानदार तरीके से काम किया है और हम सभी खुश हैं कि वह अगले पूरे सत्र के लिए वापस आ जाएंगे। ह्यूजेस इस साल के ब्लास्ट के ग्रुप स्टेज में 43.07 की औसत से 560 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, जिसमें पांच अर्द्धशतक और नाबाद 96 रन का उच्चतम स्कोर शामिल था।

# अर्पित राणा के अर्धशतक से पुरानी दिल्ली 6 को मिली जीत

- पुरानी दिल्ली 6 की ओर से लक्ष्मण ने तीन और आयुष सिंह ने दो विकेट लिए

**नई दिल्ली। एजेंसी**



सलामी बल्लेबाज अर्पित राणा के शानदार अर्धशतक की बदौलत पुरानी दिल्ली 6 ने बुधवार रात यहां प्रतिष्ठित अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के अपने तीसरे मैच में वेस्ट दिल्ली लायंस को 7 विकेट से हरा दिया। यह जीत सलामी बल्लेबाज अर्पित राणा के शानदार अर्धशतक की बदौलत मिली, जिन्होंने 43 गेंदों पर 56 रनों की पारी खेली।

पुरानी दिल्ली 6 की मौजूदा सीजन में यह पहली जीत है। ललित यादव की अगुआई वाली टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में वेस्ट दिल्ली लायंस को 141/9 पर रोक दिया। पुरानी दिल्ली 6 की ओर से लक्ष्मण ने तीन और आयुष सिंह ने दो विकेट लिए। इसके बाद दिल्ली 6 ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने कहा यह जीत हमारे खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ की कड़ी मेहनत और समर्पण का नतीजा है। अर्पित राणा की पारी में धैर्य और कौशल का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला और गेंदबाजों ने अपने अनुशासित प्रयासों से नींव रखी। हम इस प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए उत्सुक हैं। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्ट दिल्ली लायंस की शुरूआत बेहद खराब रही और टीम ने तीन ओवर के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। शिवम गुप्ता और कप्तान ऋतिक शौकीन ने वेस्ट दिल्ली लायंस को दो छोटी साझेदारियां बनाने में मदद की।

इसके बाद सनत सांगवान ने अर्पित राणा की मदद की और दोनों ने 40 रनों की साझेदारी की। 11वें ओवर में सांगवान आउट हो गए और पुरानी दिल्ली 6 का स्कोर 82/2 हो गया। 13वें ओवर में ललित यादव आउट हो गए, लेकिन अर्पित राणा ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। अंत में, पुरानी दिल्ली 6 ने 17 गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया, वंश बेदी ने 18 गेंदों में 30 रन बनाए और दिल्ली 6 को जीत दिलाई।

### शिवम आठवें ओवर में आउट हो गए, शौकीन 12वें ओवर में आउट हो गए

शिवम आठवें ओवर में आउट हो गए, जबकि शौकीन 12वें ओवर में आउट हो गए, जिससे वेस्ट दिल्ली लायंस का स्कोर 65/5 हो गया। देव लाकड़ा ने कुछ शॉट खेले, लेकिन पारी को ज्यादा देर तक आगे नहीं बढ़ा पाए। वेस्ट दिल्ली लायंस नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही और कोई बड़ी साझेदारी नहीं बना पाई। एकांश डोबाल और तिशांत डबला ने क्रमश: 14 गेंदों पर 34 और 9 गेंदों पर 23 रन बनाकर वेस्ट दिल्ली लायंस को निर्धारित 20 ओवर में 141/9 तक पहुंचाया। 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पुरानी दिल्ली 6 ने 4 ओवर में 40 रन बनाकर सकारात्मक शुरूआत की। अर्पित राणा ने पुरानी दिल्ली 6 को जोरदार शुरूआत दी, लेकिन चौथे ओवर में मंजीत आउट हो गए।

## वाणिज्य



## जॉफ ने जेएम फाइनेंशियल प्राइवेट इक्विटी से सीरीज ए फंडिंग में 40 करोड़ रुपए जुटाए

**संवाददाता**



**इंदौर।** प्रमुख मसाला ब्रांड, जॉफ ने जेएम फाइनेंशियल इंडिया ग्रोथ फंड III के माध्यम से जेएम फाइनेंशियल प्राइवेट इक्विटी से सफलतापूर्वक 40 करोड़ रुपए जुटा लिए हैं। कंपनी इस फंडिंग का उपयोग नए प्रोडक्ट्स को लॉन्च करने और व्यवसाय को रेडी-टू-कुक, मसालें, कुकिंग पेस्ट और सीजनिंग किट जैसे नए क्षेत्रों में विस्तार करने के लिए करेगी। इसी के साथ कंपनी सामान्य व्यापार, आधुनिक ट्रेड चैनल्स और अन्य रिटेल आउटलेट्स के माध्यम से अपने ऑफलाइन डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है। कंपनी का उद्देश्य मार्केटिंग पहलों के माध्यम से विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर अपनी ब्रांड की उपस्थिति को बढ़ाना और ब्रांड के व्यापार और निर्यात को बढ़ाने के लिए बाजार में एक मजबूत ऑफलाइन नेटवर्क बनाना है। पिछले कुछ सालों में, जॉफ भारत का ऐसा पहला ई-कॉमर्स ब्रांड बन गया है, जिसने इस विशेष क्षेत्र में फंडिंग प्राप्त की है। इन सालों में इसने क्यू-कॉमर्स पर ध्यान केंद्रित करके ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की है, जिससे ब्रांड ने बेहद कम समय में मसाला बाजार में बड़ा नाम कमाया है और लाभदायक राजस्व दर्ज किया है। बाजार में अपनी अलग पहचान बनाने के बाद, जॉफ अब इस फंडिंग के साथ एक 360-डिग्री मॉडल पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने व्यवसाय को बढ़ाने की योजना बना रहा है।

पूरे भारत में मजबूत उपस्थिति के साथ, कंपनी अब देश के टियर-II और टियर-III शहरों में अपनी पहुंच बढ़ाकर अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। 2018 में दो भाइयों आकाश अग्रवाल और आशीष अग्रवाल द्वारा स्थापित जॉफ, उद्योग में पहले हीं एक पहचान बना चुका है। ब्रांड ने बोट के को-फाउंडर और सीएमओ, अमन गुप्ता से शार्क टैंक इंडिया में फंडिंग हासिल की थी। अग्रवाल बंधुओं का उद्देश्य जॉफ को भारत का अग्रणी ऑनलाइन मसाला ब्रांड बनाना और एवरेस्ट और एमडीएच के बाद तीसरा राष्ट्रीय ब्रांड बनाना है।

### महंगा हुआ सोना, चांदी में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में तेजी नजर आ रही है। दूसरी ओर, चांदी की कीमत में मामूली गिरावट आई है। सोने के भाव में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपये का स्तर पार करके 73,360 रुपये से लेकर 73,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67 हजार रुपये के स्तर को पार करके 67,260 रुपये से लेकर 67,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने के विपरीत चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में ये चमकीली धातु 86,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 73,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## भारत की पहली कार, जिसका नामकरण कंपनी ने नहीं, बल्कि लोगों ने किया

- स्कोडा ऑटो इंडिया ने जनता की भागीदारी से अपनी नई कॉम्पैक्ट एसयूवी का नाम 'काइलैक' रखा है

**संवाददाता**




**मुंबई।** कार के प्रति लोगों का विशेष रुझान रहता है। अच्छे फीचर्स, बेहतर लुक, एक्सटीरियर और इंटीरियर आदि से परे इस बार ग्राहकों को एक अलग हीं सुविधा मिली, जिसके तहत उन्हें कार का नामकरण करने का मौका मिला। दरअसल, स्कोडा ऑटो इंडिया ने जनता की भागीदारी से अपनी नई कॉम्पैक्ट एसयूवी का नाम 'काइलैक' रखा है।

'नेम योर स्कोडा' कैम्पेन के जरिए 2 लाख से ज्यादा प्रविष्टियां मिलीं, जिनमें से यह नाम चुना गया। यह नाम स्कोडा की परंपरा के अनुसार 'के' से शुरू होकर 'क्यू' पर खत्म होता है। बता दें कि काइलैक नाम संस्कृत शब्द 'क्रिस्टल' से प्रेरित है, जो वाहन के बेहतरीन गुणों और माउंट कैलाश से जुड़ी पवित्रता को दर्शाता है। इस कैम्पेन में भाग लेने वाले एक लकी विनर को 2025 में प्रोडक्शन लाइन से निकली पहली काइलैक कार मिलेगी, जबकि अन्य 10 प्रतिभागियों को प्राग में स्कोडा म्यूजियम घूमने का मौका मिलेगा। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक, पेट्र जेनेबा ने कहा कि काइलेक भारत के लिए बनाई गई है, और इस नामकरण प्रक्रिया के जरिए हमने लोगों को हमारे परिवार का हिस्सा बनाया है। काइलैक स्कोडा की नई कॉम्पैक्ट एसयूवी होगी, जो भारत में सबसे तेजी से बढ़ते सेगमेंट में एक बड़ी उपलब्धि है। इसे भारत और यूरोप की टीमों ने मिलकर विकसित किया है और इसे पूरी तरह से भारत में हीं बनाया जाएगा। काइलैक का लॉन्च अगले वर्ष यानी 2025 में होगा और यह स्कोडा की मौजूदा कारों, जैसे- कुशाक और स्लाविया की सफलता को आगे बढ़ाएगी। स्कोडा के इस नए सदस्य का इंतजार सभी को बेसब्री से है।

### कच्चा तेल 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 77 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.26 डॉलर यानी 0.08 फीसदी की उछाल के साथ 76.11 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.33 डॉलर यानी 0.44 फीसदी लुढ़ककर 74.04 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

# जेपीसी से जांच की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का इडी कार्यालय पर विरोध-प्रदर्शन

चमकता राजस्थान






**( अत्री कुमार दाधीच ) जयपुर, 22 अगस्त।** अडानी महाघोटाले की जांच संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से करवाने तथा सेबी चेयरपर्सन को पद से हटाने की मांग को लेकर प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर स्थित ईडी कार्यालय के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना देकर विरोध-प्रदर्शन किया। विरोध-प्रदर्शन में कांग्रेस के सांसद व विधायक, सांसद व विधायक प्रत्याशी, प्रदेश पदाधिकारियों के साथ ही हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। धरने में उपस्थित हजारों कार्यकर्ताओं का अपने सम्बोधन में स्वागत करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि आज का धरना इसलिए हैं क्योंकि मोदी सरकार व भाजपा नेताओं एवं मोदी सरकार के अधिकारियों ने जिसमें संस्था सेबी शामिल है, के साथ मिल कर उद्योगपति अडानी का खजाना भरने का गैरकानूनी कृत्य कर महाघोटाला किया है उसकी जांच संयुक्त संसदीय समिति से होनी चाहिए, क्योंकि मोदी सरकार ने एवं शेयर मार्केट को रेगूलेट करने वाली संस्था सेबी की मिलीभगत से इस देश में महाघोटाला हुआ है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस की दिल्ली में आयोजित बैठक में जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित देशभर के तमाम वरिष्ठ नेता शामिल हुए थे, ने यह निर्णय लिया गया कि चूंकि आमजनता सेबी और इस प्रकार के वित्तीय घोटालों को कठिनाई से समझ पाती है इसलिए इस मुद्दें पर कांग्रेस पार्टी जनता के बीच जाकर घोटोल की बारीकियां एवं केन्द्र सरकार व भाजपा नेताओं की लिप्तता को उजागर करेंगे। उन्होंने कहा कि यह धरना प्रदर्शन समझाने के लिए है कि किस प्रकार केन्द्र सरकार ने चंद उद्योगपति जिसमें अडानी शामिल है को लाभ पहुंचाने के लिए देश की समस्त परिसम्पत्तियों पर उनका कब्जा करवाने के लिए मिलीभगत कर यह महाघोटाला किया है तथा आम व्यक्ति को प्रताड़ित किया जा रहा है और ठगा जा रहा है बल्कि आम आदमी के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोटे तौर पर यह समझा जा सकता है कि शेयर मार्केट को नियंत्रित करने वाली संस्था सेबी जिसमें पहली बार निजी क्षेत्र से चेयरमेन बनाया गया है। उन माधवी बुच की नियुक्ति के साथ ही यह महाघोटाला प्रारम्भ हुआ। उन्होंने कहा कि शेयर कम्पनियों के माध्यम से मनी लॉण्ड्रिंग हुई और अकाउण्टिग फ्रॉड किये गये। उन्होंने कहा कि विदेश शैल कम्पनियों के माध्यम से अडानी उद्योगपति की कम्पनियों के शेयरों की कीमत को बढ़ाया गया, कम्पनियों की वैल्यू बढ़ायी जाकर उन्हें विश्व के अग्रणी उद्योगपति की श्रेणी में लाया गया। उन्होंने कहा कि इसके पश्चात अडानी की कम्पनियों को देश की नवरत्न कम्पनियां, एयरपोर्ट व अन्य सार्वजनिक उपक्रम प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि आज कोयले का व्यापार हो या तेल का व्यापार हो, ऊर्जा का कार्य हो सभी व्यवसाय पर आज उद्योगपति अडानी काबिज है। उन्होंने कहा कि जो 70 वर्ष में कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने देशवासियों की मेहनत के साथ कम्पनियां और उद्योग स्थापित किए थे उन पर अडानी को काबिज करवा कर समस्त मुनाफा अडानी की कम्पनियों को देने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि जिस दिन हमारे नेता राहुल गांधी ने संसद में प्रश्न किया कि अडानी की कम्पनियों में शैल कम्पनियों के माध्यम से 20 हजार करोड़ रुपये आये वो किसके हैं तो भाजपा ने प्रयत्न कर एक रूका हुआ केस राहुल गांधी के विरूद्ध आनन-फानन में पुनः चालू किया और उनकी सदस्यता को निरस्त कर दिया और इसी मुद्दें पर दोनों सदनों के 150 से अधिक सांसदों को इस मुद्दें पर चर्चा से बचने हेतु निलम्बित कर दिया। उन्होंने कहा कि सबको पता है कि केन्द्र सरकार और अडानी उद्योग समूह की मिलीभगत से देश में महाघोटाला हुआ है, जिसकी तह में जाने पर समझ में आता है कि सर्वप्रथम ऑफ श्योर कम्पनियों ने अडानी उद्योग के शेयर बढ़ाने हेतु शैल कम्पनियों का नेटवर्क बनाया गया। इन कम्पनियों के माध्यम से अडानी उद्योग की कम्पनियों के स्टॉक को मैनुप्लेट किया गया, वैल्यू बढ़ायी गयी। दूसरे देशों की शैल कम्पनियों में पैसे डाले गए, उन शैल कम्पनियों ने अडानी समूह की कम्पनियों में निवेश कर शेयर की कीमतें छद्म रूप से बढ़ाने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि इस महाघोटाले में मनी लॉण्ड्रिंग और अकाउण्टिग फ्रॉड भी किए गए। उन्होंने कहा कि अडानी की कम्पनियों की वैल्यूऐशन इसलिए बढ़ायी गयी ताकि उन कम्पनियों को अधिक कर्ज मिल सके तथा उद्योगपति अडानी हमारे देश की परिसम्पत्तियों पर काबिज हो सके। उन्होंने कहा कि इस सब प्रकरण की माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश से सेबी प्रमुख जांच कर रही थी किन्तु जिस प्रमुख घोटाले की जांच होनी थी उसमें तो हिण्डनबर्ग रिपोर्ट के मुताबिक स्वयं सेबी प्रमुख और उनके पति लिप्त बताएं जा रहे है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जांच से बचने के लिए भले ही पूर्व में 150 सांसदों का निलम्बन कर दिया हो किन्तु अब आमजनता ने विपक्ष को ताकतवर बनाकर बड़ी संख्या में सांसद जीता कर मजबूती प्रदान की है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में संविधान बचाने के लिए 36 कौम के लोग भाजपा के विरूद्ध मतदान करने निकले और राजस्थान में तो जनता ने बड़ी संख्या में कांग्रेस सांसद जीता कर कमाल किया जिसके परिणामस्वरूप पूरे देश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बना और जनता द्वारा दी गई मजबूती से कांग्रेस के नेता राहुल गांधी विपक्ष के नेता बने और उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों से भाजपा के नेताओं की नींद हराम हो रही है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष के मजबूत होने के कारण जो मोदी सरकार और भाजपा नेता घोटालों पर घोटाले कर रहे थे उस पर लगाम लगाने का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि सबने देखा है कि पूर्व में राफेल विमान घोटाला, नोटबंदी, इलेक्ट्रॉल बॉण्ड जैसे बड़े घोटाले हुए किन्तु कोई जांच केन्द्र ने नहीं होने दी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार एवं भाजपा ने यह सोचा कि पूर्व में किए गए इन सब घोटालों से बच गए तो शायद आज अडानी महाघोटाले से भी बच जाएंगे, किन्तु भाजपा को शायद यह भान नहीं है कि अब लोकसभा में राजस्थान के 11 सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में भाजपा की घोटालेबाज सरकार की ईंट से ईंट बजाने को आतुर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संसद में आने से कतराते है जबकि उन्होंने ने ही कहा था कि एक अकेला सब पर भारी, किन्तु अब एक ही बार संसद में आये और रूवासे होकर भाषण दिया कि मेरा गला पकड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का कोई गला नहीं पकड़ता लेकिन जो घोटाले भाजपा की केन्द्र सरकार में हुए उन्हें उठाने का कार्य आज मजबूती के साथ विपक्ष में बैठी कांग्रेस पार्टी व इण्डिया गठबंधन कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब हमारे नेता राहुल गांधी और इण्डिया गठबन्धन ने संसद के दोनों सदनों में केन्द्र की मोदी सरकार के घोटाले के विरूद्ध आवाज उठाने का कार्य किया तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संवैधानिक पदों पर बैठे दोनों सदनों के अध्यक्षों के माध्यम से हमारे नेताओं के माईक बंद करवाने जैसा कार्य करवाया। उन्होंने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि केन्द्र की सरकार में बैठ कर घोटाले करने वाले नेता तैयारी कर लें क्योंकि कांग्रेस पार्टी ना सिर्फ लोकसभा और राज्यसभा बल्कि सभी प्रदेशों में सदन से लेकर सड़क तक इन घोटालों को लेकर भाजपा से जनता के बीच सवाल करेगी और सारे घोटाले जनता के बीच उजागर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा को जवाब देना चाहिए कि अडानी घोटाले की जांच करवाने हेतु जेपीसी क्यों गठित नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा जांच नहीं करवाना चाहती क्योंकि यदि जेपीसी गठित हुई और जांच हुई तो भाजपा के बड़े-बड़े नेता जो विपक्षी दलों के नेताओं को बेवजह परेशान करने का कार्य करते हैं, जेल की सलाखों के पीछे पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज देश में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि आज राजस्थान में भी भाजपा सरकार की अजीब स्थिति है। मुख्यमंत्री की मंत्री नहीं मानते, मंत्रियों की विधायक नहीं सुन रहे, विधायकों की जनता नहीं मान रही। उन्होंने कहा कि यह समझ नहीं आ रहा है कि सरकार कौन चला रहा है, सरकार की सर और पांव का पता नहीं। उन्होंने कहा कि अजीब स्थिति है कोई मंत्री इस्तीफा लिए घूम रहा है और डेढ़ माह से मुख्यमंत्री फैसला नहीं कर पा रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक नेता जो 5 साल के लिए सांसद बनने की उम्मीद लिए बैठे थे उन्हें दो वर्ष के लिए शेष रहे कार्यकाल के लिए भी राज्यसभा हेतु नामांकित नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अब तो भाजपा द्वारा इन नेताजी को हाजिरी लगाकर प्रताड़ित करने का भी कार्य किया गया, इससे ज्यादा शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता है कि भाजपा में अपने ही वरिष्ठ नेताओं जो अभी हाल ही में नेता प्रतिपक्ष भी रहे हैं,जिन्हे हाजिरी लेकर प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सरकार नाम की चीज नहीं रह गई, एक ही बात कहीं जाती है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यों की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेशक सरकार जांच करें गलत कार्य करने वालों को जेल में डाले, किन्तु मात्र भाषण से काम नहीं चलेगा, क्योंकि राजस्थान की जनता ने 5 वर्ष सरकार चलाने का जिम्मा भाजपा के द्वारा किए गए झूठें वादों पर विश्वास कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के मुख्यमंत्री यमुना जल समझौते की बात करते हैं किन्तु सच्चाई यह है कि वे एक बूंद पानी भी हरियाणा से राजस्थान नहीं ला सकते हैं क्योंकि राजस्थान के अधिकारियों को हरियाणा में घुसने नहीं दिया जा रहा है और डीपीआर की बात करने पर इनका फोन काट दिया जाता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के दखल से हरियाणा सरकार से भाजपा की राजस्थान सरकार ने केवल इसलिए समझौता किया ताकि भाजपा हरियाणा चुनावों में लाभ ले सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा से यमुना जल समझौता हो या ईआसीपी को लेकर मध्यप्रदेश से समझौता किया गया हो, एक बात तय है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार के इशारे पर राजस्थान का हित इन दोनों प्रदेशों के समक्ष बेचने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा हरियाणा से किए गए समझौते के पश्चात प्रदेश को मूल समझौते में वर्णित मात्रा से कम पानी मिलेगा और वो भी वर्ष के 12 महिनों की बजाए मात्र 4 माह जिसमें यदि वर्षा के कारण अतिरिक्त जल हुआ तो ही ऐसा कर मुख्यमंत्री ने हरियाणा प्रदेश को पूर्व निर्धारित मात्रा से अधिक जल उपभोग करने का समझौता कर राजस्थान के हितों पर कुठाराघात किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री ने ईआरसीपी के नाम पर मध्यप्रदेश से समझौता कर राजस्थान को मिलने वाले पानी में कटौती की है जिसके फलस्वरूप मध्यप्रदेश सरकार ने जिस पानी के उपयोग हेतु सुप्रीम कोर्ट से स्टे लिया था वहां राजस्थान से समझौता होने के पश्चात अपने हित की रक्षा होने की बात बता कर सुप्रीम कोर्ट से स्टे हटवा दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा से किया गया नया समझौता एवं मध्यप्रदेश सरकार से जो समझौता भाजपा की राज्य सरकार ने किया है वो राजस्थान की जनता के हितों के विपरीत है तथा इन समझौतों से राजस्थान को मिलने वाला पानी जिस पर प्रदेश की जनता का अधिकार है, में कटौती करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अडानी महाघोटाले की जेपीसी से मांग को लेकर आज हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विरोध-प्रदर्शन किया गया है यह संघर्ष की शुरूआत है तथा आने वाले समय में जिला एवं ब्लॉक स्तर तक इन विरोध-प्रदर्शन को ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस जोश और खरोश से कांग्रेस कार्यकर्ता नरेन्द्र मोदी सरकार की नीतियों का विरोध कर रहे है, उन्हें पूर्ण विश्वास है कि केन्द्र की भाजपा सरकार पांच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता लोकसभा के मध्यावधि चुनावों के लिए तैयार रहे, क्योंकि अपने घोटालों के बोझ तले भाजपा सरकार कभी भी गिर सकती है।डोटासरा ने मुख्यमंत्री को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश की जनता के लिए कार्य करें अन्यथा भाजपा के नेता ही उन्हें कुर्सी से हटा देंगे। उन्होंने कहा कि भ्रमण करना, भाषण करना, झूठ बोलना आरएसएस में रह कर सीख तो लिया किन्तु बिना कार्य किए कोई अपने पद पर नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता पानी, बिजली के लिए तरस रही है, लू से लोग मारे गए, अतिवृष्टि से लोग परेशान है, जनता की सुनवाई नहीं हो रही है और लोग अपने काम करवाने के लिए तरस रहे है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सरकार नहीं सर्कस चल रहा है और इस पर विराम लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज का प्रदर्शन तो अंगड़ाई है आने वाले समय में राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के विरूद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस का कार्यकर्ता अपनी कमर कस चुका है।

महासचिव व प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि धरने में सांसद मुरारीलाल मीना, भजनलाल जाटव, राहुल कस्वां, विधायक शांति धारीवाल, हरीश चौधरी, रफीक खान, रामकेश मीना, श्रीमती इन्दिरा मीना, सुश्री रीटा चौधरी, अमित चाचाण, कांति प्रसाद मीना, लक्ष्मण मीना, डॉ. विकास चौधरी, जाकिर हुसैन गैसावत, ललित यादव, हरिमोहन शर्मा, अनिल शर्मा, भगवाना राम सैनी, श्रीमती गीता बरवड़, मोतीराम कोली, संजय जाटव, मनोज मेघवाल, हरेन्द्र मिर्धा, मनीष यादव, रतन देवासी, श्रीमती सुशीला डूडी, अमीन कागजी, भीमराज भाटी, हाकम अली,गणेश घोगरा, पीतराम काला, प्रशान्त शर्मा, श्रीमती अनिता जाटव, पूर्व अध्यक्ष डॉ. बी. डी. कल्ला, पूर्व मंत्री महादेव सिंह खण्डेला, गोविन्द राम मेघवाल, प्रतापसिंह खाचरियावास, श्रीमती ममता भूपेश, श्रीमती शकुन्तला रावत, बाबूलाल नागर, वीरेन्द्र बेनीवाल, श्रीमती नसीम अख्तर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती राखी गौतम, एनएसयूआई अध्यक विनोद जाखड़, युवा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष यशवीर सूरा, डॉ. अर्चना शर्मा, पुष्पेन्द्र भारद्वाज, धर्मेन्द्र राठौड़, श्रीमती गंगा देवी वर्मा, श्रीमती संगीता बेनीवाल, करण सिंह उचियारड़ा, वैभव गहलोत, ताराचन्द मीना, अभिषेक चौधरी, वेदप्रकाश सोलंकी, गजराज खटाना, जी.एल. चौधरी, लाखन सिंह, जगदीश जांगिड़, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सुनीता गठाला, गोपाल मीना, आर. आर. तिवाड़ी, भैरूलाल चौधरी, रविन्द्र त्यागी, बिशनाराम सियाग, इन्द्राज खीचड़, दिनेश सुण्डा, अक्षय त्रिपाठी, विजय जैन, वीरेन्द्र गुर्जर, दिनेश सूपा, योगेश मिश्रा, गिरिराज गुर्जर, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र यादव, हनुमान बांगडा सहित प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

## आवारा सांडों की चपेट से सड़क हादसों का सिलसिला जारी

- आवारा सांड की चपेट में आने से बाइक सवार मां बेटा घायल



**चमकता राजस्थान। नदबई (राजवीर सिंह)** नगर सड़क मार्ग पर भीटकी मंदिर के पास आवारा सांड की चपेट में आने से बाइक सवार मां बेटा घायल हो गए। घटना की सूचना पर 108 एंबुलेंस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और घायल मां बेटे को इलाज के लिए राजकीय उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल मां और बेटा नदबई से गांव रौनीजा जा रहे थे।

एंबुलेंस चालक रामकुमार चौधरी ने बताया कि सूचना मिली कि नदबई नगर सड़क मार्ग पर भीटकी मंदिर के पास आवारा सांड की चपेट में आने से बाइक सवार गांव रौनीजा निवासी राजकुमारी(45) पत्नी गिरवर और उसका बेटा गौरव घायल हो गए। सूचना मिलते ही कंपाउंडर विष्णु शर्मा के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल दोनो मां बेटे को 108 एंबुलेंस की सहायता से इलाज के लिए राजकीय उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल राजकुमारी के सिर में चोट आई है और उसके बेटे गौरव के पैर में हल्की चोटी आई है।

## श्रीनगर पुलिस ने चोरी व नकबजनी के आरोपियों को किया गिरफ़्तार

चमकता राजस्थान




**श्रीनगर /रघुनंदन पारीक ।** जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ,आईपीएस दीपक कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ,आपीएस विजय कुमार सांखला पुलिस उप अधीक्षक वृत नसीराबाद के सुपरविजन व श्रीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह के नेतृत्व में संपत्ति संबंधी अपराधों पर रोकथाम व अंकुश लगाने के संबंध में श्रीनगर थाना पुलिस ने बीएनएस तथा चोरी व नकब जनी के दर्ज मुकदमे में कार्यवाही करते हुए मोग्या बावरी गैंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। श्रीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि यह मोग्या बावरी गैंग चतुर एवं तेज प्रवृत्ति के हैं जो अलग-अलग जगह पर चोरी करके तुरंत अपनी जगह बदल देते हैं,आरोपी गण राजेंद्र उर्फ राजू उर्फ राजेश उर्फ टरडा बांवरी निवासी टोरडी,मालपुरा,शंकर लाल निवासी केकड़ी,लक्ष्मण बावरी निवासी केकड़ी के विरुद्ध चोरी लूट डकैती नकबजनी ,धोखाधड़ी ,आर्म्स एक्ट ,मारपीट के प्रकरण दर्ज है ।जिसमें आरोपी कई थानों के मुकदमों में वांछित है,आरोपियों के कब्जे से चार मोटरसाइकिले बरामद की है,आरोपियों ने उप स्वास्थ्य केंद्र कानपुरा में चोरी ,दाता शिव मंदिर के दान पत्र से रूपयो की चोरी ,केकड़ी में डीलक्स बाइक चोरी ,पुरानी टोंक के पास मोटरसाइकिल चोरी ,बिजवाड़ नासिरदा में दान पात्र से चोरी ,केकड़ी में मोटरसाइकिल चोरी करना कबूल किया है।

अभियुक्त गण मोग्या बावरी गैंग के सक्रिय सदस्य हैं,जो दिन के समय रैकी करके रात्रि के समय मंदिर के दान पात्रों सुने मकानो में चोरी कर लेते हैं तथा मोटरसाइकिलों को मास्टर चाबी से चोरी कर सस्ते दामों पर बेचान कर देते हैं।

आरोपियों ने कानपुरा गांव में रात्रि के समय उप स्वास्थ्य केंद्र से पंखे और अन्य सामान चोरी करना,

ग्राम दाता,श्रीनगर के पास पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर के दान पत्र से रूपयो की चोरी करना,अजमेर रोड पीर बाबा के पास केकड़ी में एक डीलक्स बाइक चोरी करना,पुरानी टोंक के पास किसी फार्म हाउस से एक मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स चोरी करना,बालाजी मंदिर बिजवाड़ा नासिरदा जिला टोंक में दान पात्र को चोरी करने का प्रयास करना,सापुन्दा रोड केकड़ी शहर से दो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी करना कबूल किया है।

मुलजिम राजेंद्र उर्फ राजू उर्फ राजेश टरड़ा के डिग्गी दूदू ,मालपुरा ,केला देवी उद्योग नगर ,राजलदेसर ,श्रीनगर थाने में करीब 15 मामले दर्ज हैं।

लक्ष्मण बावरी के दो तथा शंकर बावरी के एक मामला दर्ज है , आरोपियों को गिरफ्तार करने में शामिल टीमों में थाना अधिकारी जसवंत सिंह ,सहायक उप निरीक्षक श्रवण लाल, विशेष योगदान में कांस्टेबल रामचरण, जयदेव धारूलाल तथा कांस्टेबल महेंद्र पाल, रामजीलाल , प्यारेलाल, इंद्र सिंह शामिल हैं।

## एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज के द्वारा महिला उद्यमियों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया



**चमकता राजस्थान/ जयपुर (संवाददाता खलील कुरेशी)।** जयपुर में आज साइंस पार्क जयपुर में एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज द्वारा डी जी सशक्त महिला उद्यमी परियोजना के अंतर्गत जयपुर शहर के महिला उद्यमियों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया! जिसमें व्यापर वृद्धि सम्बंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। इस परियोजना के संचालक ऋषभ गोस्वामी ने बताया की एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज जयपुर की 2200 महिला उद्यमियों के व्यापर एवं क्षमता विकास के लिए काम कर रही हैं! जिससे कम आय वाले महिला संचालित व्यवसाय में वृद्धि हो सके। मंगलवार को 110 महिलाओं की उपस्थिति में इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया जिसका मुख्य उद्देशय महिलाओं को उन सभी स्त्रोतों की जानकारी प्रदान करना एवं सम्बंधित संस्थाओं से सीधा संवाद करके उनसे जोड़ने का एक माध्यम प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में GEM पोर्टल,आईसीआईसीआई फाउंडेशन, सेन्टम फाउंडेशन, Paynearby एप्लीकेशन, राष्ट्रीय मुस्लिम महिला कल्याण संस्था आदि लोग के साथ एक्सेस टीम से ऋषभ, अर्पित, रीना, हीना, अमृता, अदिति, सलमा, मौजूद थे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929